




RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534

डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

साझा करें अपने मित्रों से

सांध्य दैनिक

दुर्ग-रायपुर-बस्तर संभाग

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल








वर्ष- 13, अंक - 140 | श्रीकंचनपथ ONLINE | visit us http://www.shreekanchanpath.com | भिलाई, सोमवार 7 मार्च 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


### फुल चार्ज में चलती है 200 किमी, एडवांस्ड फीचर्स से हैं लैस

# पीएम मोदी ने पुणे को दी 150 इलेक्ट्रिक बसों की सौगात

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पुणे को 150 इलेक्ट्रिक बसों का बेड़े मिला है। इन बसों का निर्माण इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता कंपनी Olectra (ओलेक्ट्रा) ने किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पुणे में सार्वजनिक परिवहन के लिए इस्तेमाल की जाने वाली इन इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पीएम मोदी ने बानेर में इलेक्ट्रिक बस चार्जिंग स्टेशन का भी उद्घाटन किया। इसके अलावा, पीएम मोदी ने देश से डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी से बचने और कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को बढ़ावा देने की अपील की।

बयान में बताया गया है कि ये इलेक्ट्रिक बसें 12 मीटर लंबी हैं और इनमें 33 यात्रियों के बैठने की व्यवस्था है। ये इलेक्ट्रॉनिक रूप से नियंत्रित एयर सस्पेंशन के साथ आती हैं। यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए वे सीसीटीवी कैमरों से लैस हैं। इन इलेक्ट्रिक बसों में हर सीट के लिए एक आपातकालीन बटन और यूएसबी सॉकेट है। ओलेक्ट्रा ने दावा किया कि इन इलेक्ट्रिक बसों में लिथियम-आयन बैटरी पैक दी गई हैं जिससे यह एक बार फुल चार्जिंग पर लगभग 200 किमी की दूरी तक चल सकती हैं।




#### बैटरी चार्जिंग

निर्माता ने यह भी दावा किया कि ये इलेक्ट्रिक बसें रिजनरेटिव ब्रेकिंग जैसी एडवांस्ड टेक्नोलॉजी के साथ आती हैं। यह बस हाई पावर एसी और डीसी चार्जिंग सिस्टम से लैस हैं जिससे बैटरी को तीन से चार घंटे में रिचार्ज किया जा सकता है।

#### यात्रियों की प्रतिक्रिया उत्साहजनक

कंपनी के बयान में यह भी बताया गया है कि कि ओलेक्ट्रा निर्मित अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक बसें सूरत, गोवा, सिलवासा, देहरादून, मुंबई और पुणे जैसे कई शहरों में कुशलता से सेवा देने में सक्षम हैं। कई शहरों में यात्रियों की प्रतिक्रिया उत्साहजनक है। इनसे संबंधित परिवहन संगठन इलेक्ट्रिक बस बेड़े का विस्तार करने में भी दिलचस्पी दिखा रही हैं। कंपनी ने यह भी कहा कि उसकी इलेक्ट्रिक बसें पहले ही पुणे में दो करोड़ किलोमीटर से ज्यादा की दूरी में सफलतापूर्वक संचालित की जा चुकी हैं।

#### प्रदूषण को करेंगे कम

नई 150 इलेक्ट्रिक बसों के जुड़ने से, पुणे शहर के नागरिक वातानुकूलित और बिना शोरगुल के सफर का आनंद ले सकेंगे। ओलेक्ट्रा के एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, ये शहर में कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन को काफी कम कर देंगे। यह पाया गया है कि शहरी सार्वजनिक परिवहन दुनिया भर में प्रदूषण के कारणों में से एक है। बसें 100 प्रतिशत इलेक्ट्रिक, शून्य-उत्सर्जन वाली हैं और इनमें कई सेफ्टी फीचर्स दिए गए हैं।

## यूक्रेन से छत्तीसगढ़ लौटे 188 स्टूडेंट्स, दहशत के बीच घर लौटने पर चेहरे में छाई खुशी



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** रूस और यूक्रेन के युद्ध ग्रस्त क्षेत्रों में फंसे लोगों की सुरक्षित वापसी के लिए केंद्र सरकार द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। केंद्र सरकार की पहल से अब तक छत्तीसगढ़ के 188 छात्र-छात्राओं की सकुशल वापसी हो गई है। यूक्रेन से लौटे स्टूडेंट्स के दिल्ली व मुंबई में ठहरने व भोजन का खर्च छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा उठाया जा रहा है। राज्य सरकार ने छात्रों को दिल्ली व मुंबई से आने का पूरा प्रबंध किया है।

बता दें कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने यूक्रेन संकट के दौरान छत्तीसगढ़ के छात्र-छात्राओं की मदद के लिए नई दिल्ली में हेल्प डेस्क शुरू किया है। 27 फरवरी से 6 मार्च की शाम 5 बजे तक छत्तीसगढ़ के 188 स्टूडेंट्स की सुरक्षित वापसी हो चुकी है। सीएम के निर्देश पर विद्यार्थियों को वाहन, ठहरने, भोजन की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। दिल्ली आने वाले छात्र-छात्राओं को छत्तीसगढ़ सदन में भी ठहराया जा रहा है। स्टूडेंट्स को उनके गृह नगर जाने एयर टिकट कराकर उनके परिजनों को सकुशल सौंपा भी जा चुका है। 27 फरवरी को यूक्रेन से भारत लौट छत्तीसगढ़ के 6 छात्रों से सीएम भूपेश बघेल ने नई दिल्ली के छत्तीसगढ़ सदन में मुलाकात की थी। दहशत के बीच घर लौटने पर विद्यार्थियों में खुशी है।

#### बचे लोगों की जल्द होगी सुरक्षित वापसी

नई दिल्ली स्थित छत्तीसगढ़ भवन के संयुक्त आवासीय आयुक्त संजय अवस्थी ने बताया कि नई दिल्ली में बनाये गए हेल्प डेस्क में 27 फरवरी से 6 मार्च को शाम 5 बजे तक छत्तीसगढ़ के 188 छात्र-छात्राओं की सुरक्षित वापसी हो चुकी है। 22 फरवरी से यूक्रेन में फंसे छत्तीसगढ़ के छात्र-छात्राओं तथा उनके परिजनों से लगातार संपर्क बना हुआ है। विदेश मंत्रालय से संपर्क कर अभी यूक्रेन में फंसे 23 छात्र-छात्राओं और उनके 7 परिजनों को निकालने का प्रयास किया जा रहा है। जल्द ही सभी की सुरक्षित वापसी हो जाएगी।

#### छत्तीसगढ़ सदन में हेल्पलाइन नंबर जारी

सीएम भूपेश बघेल के निर्देश पर छत्तीसगढ़ भवन नई दिल्ली में आवासीय आयुक्त कार्यालय के संपर्क अधिकारी गणेश मिश्रा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उनसे लैंडलाइन 011-46156000 और मोबाइल नंबर 99970-60999 से संपर्क किया जा सकता है। यूक्रेन हेल्प डेस्क का एक फैक्स नंबर 011-46156030 भी जारी किया गया है।






### रूस-यूक्रेन के बीच तीसरे दौर की बातचीत आज

# युद्धः रूस ने चार शहरों में फिर किया सीजफायर का एलान

**कीव/मास्को/वाशिंगटन (एजेंसी)।** रूस-यूक्रेन के बीच युद्ध का आज 12वां दिन है। 12वें दिन रूस ने यूक्रेन के कई शहरों में हमले तेज कर दिए हैं। खारकीव में कई रिहायशी इलाकों पर भी हमला किया गया है। इस बीच दोनों देशों के प्रतिनिधिमंडल आज तीसरी बात वार्ता करेंगे। इससे पहले हुई वार्ता में सुरक्षित कॉरिडोर पर सहमति बनी थी। आज होने वाली बातचीत में युद्ध विराम पर चर्चा हो सकती है। वार्ता से पहले रूस की ओर से यूक्रेन के चार शहरों में फिर से सीजफायर का एलान किया गया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से फोन पर वार्ता की। दोनों नेताओं के बीच करीब 35 मिनट की बातचीत हुई। इस दौरान उन्होंने रूस-यूक्रेन के बीच सीधी बातचीत की सराहना भी की। इसके साथ ही वहां फंसे भारतीयों को निकालने के लिए यूक्रेन के समर्थन के प्रति आभार जताया।



रूस-यूक्रेन के बीच तीसरे दौर की बातचीत से पहले रूस की ओर से बड़ा एलान किया गया है। खबरों के मुताबिक, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैंक्रो के मानवीय कॉरिडोर के अनुरोध पर पुतिन ने भारतीय समयानुसार सोमवार दोपहर 12:30 मिनट से सीजफायर की घोषणा की है। इस दौरान युद्ध में फंसे आम लोगों को निकालने के लिए मानवीय कॉरिडोर बनाया जाएगा। रिपोर्ट के मुताबिक, कीव, खारकीव, मारियुपोल और सूमी में सीजफायर रहेगा।

#### पीएम मोदी पुतिन से भी करेंगे बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दोपहर बाद रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से भी बात करेंगे। बातचीत के दौरान पीएम मोदी, पुतिन के सामने युद्ध संकट को टालने और भारतीय छात्रों की निकासी का मुद्दा रखेंगे। वहीं समाचार छपे जाने तक पीएम मोदी और राष्ट्रपित पुतिन से बात नहीं हो पाई थी।

### खास-खबर

#### 78 मौतों की सजा सिर्फ 1,600 रुपये? कोर्ट में सातों आरोपी बरी

**झाबुआ (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश के झाबुआ जिले के पेटलावद हादसे के सभी 7 आरोपियों को जिला अदालत ने बरी कर दिया है। झाबुआ के पेटलावद में 12 सितंबर 2015 को जिलेटिन छड़ों के गोदाम में विस्फोट हुआ था। हादसे में 78 लोगों की मौत हो गई थी। हादसा इतना दर्दनाक था कि मृतकों के शरीर के चिथड़े उड़ गए थे, जिन्हें पोटलियों में समेटना पड़ा था। सजा के नाम पर थानाधिकारी की 1,600 रुपये की एक वेतनवृद्धि रोकी गई थी। अब इस मामले में कुल मिलाकर सजा सिर्फइतनी ही दिख रही है। हाल ही में जिला अदालत ने पेटलावद विस्फोट हादसे के मुख्य आरोपी राजेन्द्र कासवां (मृत) और सह आरोपी धर्मेन्द्र राठौड़ को जिला अदालत ने बरी कर दिया है। विस्फोटक रखने वाले 5 आरोपियों को पहले ही बरी किया जा चुका है। पेटलावद विस्फोट कांड में तीन केस चल रहे थे, जिसमें 7 आरोपी थे। पेटलावद विस्फोट मामले में कमलनाथ ने सरकार पर सवाल उठाए हैं। कमलनाथ ने सोशल मीडिया पर लिखा कि मध्य प्रदेश के झाबुआ जिले के पेटलावद में हुए भीषण विस्फोट में 78 बेगुनाहों की दर्दनाक मौत हुई थी। जांच व पैरवी में खामियों की बात सामने आ रही है। आखिर इन 78 लोगों की मौत का दोषी कौन, सरकार बताए?

### रूसी सैनिकों की मां देखें, वो हमारे बच्चों को मार रहे हैं, यूक्रेन की पहली महिला ओलेना जेलेंस्की की भावुक पोस्ट

यूक्रेन पर रूस के हमले के बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादीमीर जेलेंस्की पत्नी ओलेना जेलेंस्की ने इंस्टाग्राम पर एक भावुक पोस्ट लिखी है। उन्होंने लिखा है कि रूसी सैनिक यूक्रेन में बच्चों को बेरहमी से निशाना बना रहे हैं। साथ ही उन्होंने दुनियाभर की मीडिया से अपील की है वह रूसी सैनिकों की माताओं को यह तस्वीरें दिखाएं। ओलेना का कहना है कि युद्ध के चलते तमाम बच्चे बेसमेंट में बंद हैं और भूख, प्यास व इलाज के अभाव में दम तोड़ रहे हैं। अपनी पोस्ट में ओलेना ने मीडिया से अपील की है कि वह इस भयानक सच को बताएं। वह रूसी माताओं को बताएं कि वहां से आए हमलावर हमारे बच्चों की हत्या कर रहे हैं। इन सैनिकों की माताओं को भी पता होना चाहिए कि आखिर उनके बच्चे यूक्रेन में कर क्या रहे हैं। इन तस्वीरों को रूस की महिलाओं को दिखाया जाए कि उनके पति, भाई, साथी यूक्रेन में बच्चों की जान ले रहे हैं। उन्हें भी यह एहसास होना चाहिए कि हर यूक्रेनी बच्चे की हत्या के लिए वह निजी तौर पर जिम्मेदार हैं।

ओलेना ने रविवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर यह पोस्ट की है। इसमें उन्होंने यूक्रेन में युद्ध के हालात बयां किए हैं। उन्होंने लिखा है कि रूसी हमलावर यूक्रेन के बच्चों की हत्या कर रहे हैं। वह होश में रहते हुए और निर्दयतापूर्वक ऐसा कर रहे हैं। ओलेना ने 18 महीने की कीरिल का हवाला दिया है जो मैरिपॉल शहर की रहने वाली थी। गोलीबारी में कीरिल के घायल होने के बाद उसके माता-पिता उसे डॉक्टर के पास ले गए, लेकिन वह भी उसकी जान नहीं बचा सके। ओख्तिर्का शहर की रहने वाली एलिस आठ साल की हो गई होती। लेकिन गोलीबारी के दौरान वह अपने दादाजी के साथ मारी गई। कीव की पोलिना भी हमारी राजधानी गलियों में गोलीबारी की शिकार हो गई। उसकी बहन की हालत बेहद नाजुक है।

#### कहा-अब तक 38 बच्चों की जान ले चुके हैं

ओलेना ने अपनी पोस्ट में लिखा है कि रूसी सैनिक अब तक 38 बच्चों की जान ले चुके हैं। उन्होंने लिखा है कि यह संख्या और भी बढ़ सकती है क्योंकि हमारे शांतिपूर्ण शहर में गोलीबारी लगातार चल रही है।

ओलेना ने रूसी लोगों पर भी तंज कसा है। उन्होंने लिखा है कि जब रूस के लोग यह कहें कि उनके सैनिक आम लोगों को निशाना नहीं बना रहे हैं तो उन्हें यह तस्वीरें दिखाइए। उन्हें इन बच्चों के चेहरे दिखाइए, जिन्हें बड़ा होने का एक मौका तक नहीं दिया गया। आखिर हमारे कितने बच्चों की मौत के बाद रूसी सेना फायरिंग बंद करेगी और ह्यूमैनेटेरियन कॉरिडोर की इजाजत देगी?

#### हमारे बच्चों को बचा लीजिए

ओलेना ने आगे लिखा है कि यूक्रेन के कई शहरों में मानवतावादी कॉरिडोर्स की जरूरत है। सैकड़ों बच्चे बेसमेंट में खाने और इलाज के अभाव में दम तोड़ रहे हैं। बिल्डिंगों से बाहर निकलने वाले परिवारों को रूसी सैनिक निशाना बना रहे हैं। मदद के लिए पहुंचने वाले वॉलंटियर्स पर भी गोलियां चलाने से भी यह सैनिक नहीं हिचकिचा रहे हैं। उन्होंने नाटो से अपील की है कि यूक्रेन के आसमान को कवर किया जाए ताकि हवाई हमले बंद हों और यहां के बच्चों की जान बचाई जा सके। ओलेना ने आखिर में लिखा है कि हमारे बच्चों को बचाइए, कल यह आपके बच्चों को बचाएंगे।

### सोना 53 हजारी, चांदी का भाव 70 हजार के पार डॉलर के मुकाबले रुपया धराशायी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रूस और यूक्रेन के बीच जंग तेज हो चुकी है और इस संघर्ष का सोमवार को 12 दिन है और शेयर बाजार, कच्चे तेल से लेकर सोने की कीमतों पर इसका असर दिख रहा है। जंग तेज होने के चलते कीमती धातुओं के दाम में उछाल भी लगातार जारी है। अगर आप आभूषण खरीदने का मन बना रहे हैं तो पहले आपके लिए इनके ताजा भाव जान लेना जरूरी है। एमसीएक्स पर सोमवार को सोने की कीमत 53 हजार के पार पहुंच गई। इसमें 1.99 फीसदी की तेजी आई और सोने का दाम 53,605 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है।

जहां सोने के दाम में जोरदार उछाल आया है तो वहीं दूसरी ओर चांदी के दाम मे तेजी भी थमने का नाम नहीं ले रही है। इसका भाव 70 हजार के पार बना निकल गया है। सोमवार को चांदी की कीमत में 2.37 फीसदी की जोरदार तेजी आई। इसके साथ चांदी का भाव बढ़कर 70,800 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया है। जहां एक ओर शेयर बाजार में जबरदस्त गिरावट देखने को मिल रही है तो वहीं दूसरी ओर सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय मुद्रा रुपया 77 पैसे की कमजोरी के साथ 76.93 रुपये के स्तर पर खुला। गौरतलब है कि बीते कारोबारी हफ्ते के आखिरी दिन शुक्रवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 25 पैसे की कमजोरी के साथ 76.16 रुपये के स्तर पर बंद हुआ। एक रिपोर्ट के मुताबिक, इस साल रुपये में अब तक 3.60 फीसदी की गिरावट आ चुकी है।

## क्रिकेटः जडेजा ने जीता दिल, साथी खिलाड़ी और टीम के लिए विश्व रिकॉर्ड किया कुर्बान, अश्विन ने बताई कहानी

**मोहाली (एजेंसी)।** भारत ने श्रीलंका को मोहाली में खेले गए पहले टेस्ट मैच में एक पारी और 222 रने के बड़े अंतर से हरा दिया। चार मार्च से शुरू हुआ यह मैच भारतीय टीम के लिए कई मायनों में खास रहा। विराट ने अपना 100वां टेस्ट खेला तो रोहित का बतौर कप्तान पहला टेस्ट रहा। इसके अलावा अश्विन ने कपिल देव के 434 टेस्ट विकेट के रिकॉर्ड को तोड़ा। लेकिन इनके अलावा सबसे ज्यादा टीम के ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने प्रभावित किया। उन्होंने सबसे पहले अपने ऑलराउंड खेल से सबका दिल जीता और फिर फिर टीम हित में विश्व रिकॉर्ड बनाने का मौका छोड़ दिया।

जडेजा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहली पारी में नाबाद 175 रन बनाए और फिर गेंदबाजी में दोनों पारियों को मिलाकर 9 विकेट लिए। जडेजा के पास इस मैच में दोहरा शतक बनाने का शानदार मौका था मगर उन्होंने टीम हित में फैसला लेते हुए पारी घोषित कराने का फैसला लिया। इसके बाद उन्होंने एक बार अपने फैसले से सभी को चौंकाया। उनके पास एक पारी में 150 से अधिक रन और मैच में 10 विकेट लेकर विश्व रिकॉर्ड बनाने का शानदार मौका था। लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया।



मैच के बाद ब्रॉडकास्टर से बात करते हुए टीम के अनुभवी स्पिनर अश्विन ने कहा, पिछले चार-पांच सालों में उसने (जडेजा) वास्तव में काफी लंबा सफर तय किया है। मुझे लगता है कि जिस तरह से वह इस समय बल्लेबाजी कर रहा है उसके हिसाब से वह थोड़ा निचले क्रम में खेल रहा है। उसकी बल्लेबाजी एक पायदान ऊपर चली गई है। वह जानता है कि वह क्या कर रहा है और यह उसके बल्लेबाजी करने के तरीके में दिखता है।

#### जडेजा और अश्विन ने दिया तीसरे स्पीनर जयंत का साथ

मैच के बीच में हम दोनों ने महसूस किया कि जयंत ने ज्यादा गेंदबाजी नहीं की है। जो हमारा तीसरा स्पिनर है, हमारे लिए उसका साथ देना महत्वपूर्ण था। तब जड्डू ने फैसला किया कि वह अपने ओवर छोड़कर जयंत को अपने एंड से गेंदबाजी करने का मौका देगा जहां से गेंद घूम रही थी और फिर मैंने भी अपना एंड छोड़ दिया। जड्डू पहले गेंद को छोड़ने के लिए काफी उदार थे।

## चीन में फिर लौटा कोरोनाः एक दिन में सर्वाधिक मामले आए सामने, अन्य देशों में चेतावनी



**बीजिंग (एजेंसी)।** चीन में कोरोना फिर से वापस लौट आया है। चीनी मीडिया के अनुसार देश में महामारी की शुरुआत में वुहान के प्रकोप के बाद से एक दिन में सर्वाधिक मामले सामने आए हैं। चीन ने कुल 526 मामलों की पुष्टि की है जो कि पिछले दो वर्षों में एक दिन में सर्वाधिक संक्रमण के मामले हैं। इनमें से 214 मरीज लक्षण वाले थे और 312 मरीज बिना लक्षण वाले थे। चीन ने कहा है कि इतने मामले कोविड जीरो नीति के लिए एक बड़ा झटका है। वहीं चीन में कोरोना के सर्वाधिक मामले सामने आने के बाद से अन्य देश भी सतर्क हो गए हैं और नागरिकों से कोरोना नियमों का पालन करने के लिए कहा है।

#### चीन के किंगडाओ में छात्रों के बीच फैला ओमिक्रॉन

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार चीन के किंगडाओ शहर में ओमिक्रॉन के 88 नए मामले दर्ज किए गए हैं। जो लोग ओमिक्रॉन के शिकार हुए हैं वे सभी छात्र बताए जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि यह चीन में इस साल के संक्रमण के एक दिन के सबसे अधिक मामले हैं।

#### दुनिया में कोरोना से अब तक 60 लाख लोगों की मौत

दुनियाभर में कोरोना संक्रमण के मामले 44.66 करोड़ को पार कर गए हैं। वहीं मृतकों की संख्या करीब 60 लाख के करीब पहुंच गई है। वहीं पिछले एक महीने में दुनियाभर में कोरोना के 5.22 करोड़ से अधिक केस सामने आए हैं, जबकि 2.61 लाख लोगों ने इस खतरनाक वायरस से जान गंवा दी है।

## संपादकीय

# विज्ञान पर असर

रूस-यूक्रेन युद्ध का असर विज्ञान पर भी दिखने लगा है। जहां तक इन दोनों देशों की बात है, तो वैज्ञानिक शोध लगभग थम गया है। पहले व दूसरे विश्व युद्ध के दौरान भी सकारात्मक शोध लगभग थम गया था और अच्छे वैज्ञानिक भी अपनी-अपनी सरकारों की सैन्य सेवा में लग गए थे। ऐसे वैज्ञानिकों की फेहरिस्त लंबी है, जो युद्ध के साजो-सामान बनाने में जुटे थे। हिटलर ने विज्ञान व वैज्ञानिकों का भयानक दुरुपयोग किया था। अब रूस-यूक्रेन युद्ध के बढ़ने पर विश्व की तमाम सैन्य-शक्तियों व महाशक्तियों का ध्यान नकारात्मक गतिविधियों की ओर ज्यादा जाए, तो कोई आश्चर्य नहीं। युद्ध शिक्षा को किस तरह से प्रभावित करता है, यह तो हम यूक्रेन से लौट रहे छात्रों की समस्या में देख ही रहे हैं। यूक्रेन के जो विश्वविद्यालय या वैज्ञानिक संस्थान शोध कार्य में लगे होंगे, उन्हें धनाभाव में भी काम रोकना पड़ेगा। कई रिपोर्टों से पता चलता है कि रूस में भी वैज्ञानिक बिरादरी सहमी व थमी हुई है।

> “ जो दुनिया विज्ञान की उपलब्धियों की ओर मिलकर चली थी, वह घायल होती दिख रही है। चीन पर अभी तक कोई असर नहीं है, लेकिन वैज्ञानिक अच्छी तरह जानते हैं, इस युद्ध से चीन सर्वाधिक फायदे में रहेगा। चिंता की बात यह है कि बीजिंग की विश्वसनीयता अभी वैसी नहीं है, जैसी अमेरिका या रूस की है। चीन ने तो अभी तक कोरोना संबंधी जांच को ही दुनिया से साझा नहीं किया है। दुनिया की भलाई इसी में है कि जल्द से जल्द युद्ध समाप्त हो और विज्ञान सकारात्मक दिशा में फिर से बढ़े।

उधर अमेरिकी संस्थान नासा ने भी स्पष्ट कर दिया है कि उसके पहले चालक दल वाले आर्टेमिस मिशन को 2026 से पहले लॉन्च नहीं किया जा सकेगा। यह खबर नासा द्वारा चंद्रमा के चारों ओर आर्टेमिस-1, बगैर चालक वाली उड़ानों में देरी की अधिसूचना के बाद आई है। इसका अर्थ यह है कि अमेरिका का मानव-चंद्र मिशन किसी भी सूरत में 2025 से पहले पूरा नहीं होगा। अमेरिका ही नहीं, पूरी दुनिया में अंतरिक्ष अन्वेषण पर असर की शुरुआत हो चुकी है। जमीनी घटनाओं का नकारात्मक असर अंतरिक्ष में तरंगित होने लगा है। रॉकेट लॉन्च सिस्टम से लेकर मंगल ग्रह को खंगालने के लिए प्रस्तावित रोवर तक असर साफ है। युद्ध के तनाव ने दुनिया को भटका दिया है। बढ़ते तनाव के कारण अंतरिक्ष मिशन की एक विस्तृत श्रृंखला को टालना या रद्द करना पड़ रहा है। यूरोपीय संघ, अमेरिका और कई अन्य ने रूस पर प्रतिबंध लगा दिए हैं; नतीजतन, रूस लगातार अपनी अंतरिक्ष संबंधी योजनाओं को बदल या रद्द कर रहा है। अंतरिक्ष विज्ञान की रूस पर निर्भरता को सब जानते हैं, अत: अनेक देशों में विज्ञान या अंतरिक्ष विज्ञान प्रभावित होने वाला है।

लग रहा है कि रूस और यूरोपीय संघ का संयुक्त मंगल अभियान भी भटक जाएगा। कई वर्षों के प्रयासों के बाद रूस और यूरोप करीब आए थे, लेकिन अब संशय के बादल मंडराने लगे हैं। अंतरिक्ष आधारित ईरोसिता टेलेस्कोप सिस्टम को रूस और जर्मनी मिलकर चला रहे थे, पता नहीं अब इस वैज्ञानिक अभियान का क्या होगा? नेविगेशन सैटेलाइट्स और वनवेब इंटरनेट नेटवर्क पर भी असर पड़ना तय है। इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर अभी तक असर नहीं पड़ा है, लेकिन आने वाले दिनों में इस स्टेशन से रूस को अलग करने की कोशिश अमेरिका कर सकता है। जो दुनिया विज्ञान की उपलब्धियों की ओर मिलकर चली थी, वह घायल होती दिख रही है। चीन पर अभी तक कोई असर नहीं है, लेकिन वैज्ञानिक अच्छी तरह जानते हैं, इस युद्ध से चीन सर्वाधिक फायदे में रहेगा। चिंता की बात यह है कि बीजिंग की विश्वसनीयता अभी वैसी नहीं है, जैसी अमेरिका या रूस की है। चीन ने तो अभी तक कोरोना संबंधी जांच को ही दुनिया से साझा नहीं किया है। दुनिया की भलाई इसी में है कि जल्द से जल्द युद्ध समाप्त हो और विज्ञान सकारात्मक दिशा में फिर से बढ़े।

> “ **इतना तो तय है कि यह लड़ाई रूस को महंगी पड़ेगी। तीन वैश्विक संस्थानों ने मिलकर अध्ययन किया है, जिसके हिसाब से लड़ाई के पहले चार दिनों में ही करीब सात अरब डॉलर का झटका रूस को लग चुका था और कुल मिलाकर इस लड़ाई से रूस को रोजाना 20 से 25 अरब डॉलर का नुकसान होना तय है। विदेशी मुद्रा बाजार में रूसी रूबल की कीमत 30 प्रतिशत से ज्यादा गिर चुकी है और गिरावट अभी थमी नहीं है। रूस में शेयर बाजार को तो बंद ही कर दिया गया है। रूस तक पैसा पहुंचने से रोकने के लिए जितने प्रतिबंध लगाए गए हैं, वे उन देशों के लिए भी मुसीबत खड़ी करते हैं, जिन्हें रूस से पैसा लेना है। यही वजह है कि भारत में उद्योगपतियों से लेकर बैंक तक परेशान हैं।**

# दूर देश में छिड़े जंग की कीमत

आलोक जोशी, वरिष्ठ पत्रकार

कोरोना काल में आत्मनिर्भर हुए एक सज्जन लखनऊ के पश्चिमी (चुनाव के लिहाज से पूर्वी) मोहल्लों में साइकिल पर फेरी लगाकर समोसे, नमक पारे और बालूशाही बेचते हैं। पहले हलवाई की दुकान में नौकरी करते थे, लेकिन लॉकडाउन के दौरान बेरोजगार हुए और उसके बाद घर पर ये चीजें बनाकर साइकिल पर बेचने का फॉर्मूला उन्हें रास आ गया। स्वाद और गुणवत्ता, दोनों ठीक हैं, इसलिए काम चल पड़ा है। सुबह-सुबह मुलाकात हो गई। अचानक बहुत जोर से कहा, तेल का हाल देख रहे हैं। आग लग गई है। और यह तेल पेट्रोल या डीजल नहीं, खाने का तेल है, जो समोसे और मिठाई बनाने में काम आता है। अगर आप अपने घर में रोजमर्रा जरूरत का सामान खुद नहीं खरीदते हैं, तो खरीदने वाले या वाली से पता कीजिए कि खाद्य तेल और वनस्पति का भाव कहां पहुंच चुका है। हालांकि, जिस दिन यह बात हुई, उसके एक ही दिन पहले सरसों के तेल के भाव में कुछ नरमी आई थी, लेकिन खाद्य तेलों के गणित में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है पाम ऑयल, यानी ताड़ का तेल, जो ज्यादातर मलयेशिया से आता है। कोरोना, लॉकडाउन और आपूर्ति में दिक्कतों की वजह से इसका दाम बढ़ तो साल भर से रहा है, लेकिन अब जो आग लगी है, वह सीधे-सीधे यूक्रेन पर रूसी हमले का असर है। और यह असर सिर्फ खाने के तेल पर नहीं, पेट्रोल, डीजल, गैस और कोयले से लेकर गेहूं, मक्का, सोयाबीन, दूध, कपास, खाद और तमाम धातुओं के दामों पर नजर आने लगा है। आगे भी काफी समय तक आता रहेगा। एक तरह से कहें, तो यह रूस और यूक्रेन के बीच जंग की कीमत है, जो हमें और आपको भी चुकानी पड़ेगी।



जंग की कीमत होती है, यह तो सबको पता है, लेकिन जंग की कितनी कीमत होती है और किस-किस को कब तक चुकानी पड़ सकती है, यह समझना जरूरी है। यूक्रेन से आ रही भयावह तस्वीरें साफ दिखा रही हैं कि उसे इस लड़ाई की क्या कीमत चुकानी है। शहर के शहर तबाह हो चुके हैं। आनेवाला वक्त इस तबाही के निशान मिटा सकेगा, इसमें शक है और उस देश को दोबारा खड़ा करने के लिए कितनी बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी, इसका अंदाजा भी लगाना अभी मुश्किल है।

लेकिन यह वह दौर भी नहीं है, जब हमलावर आते थे और खून-खराबा, लूट-मार करके वापस निकल जाते थे। अब जितनी कीमत यूक्रेन चुकाएगा, रूस को भी यह लड़ाई उससे कम महंगी नहीं पड़ेगी। दिखने भी लगा है। अंतरराष्ट्रीय बिरादरी अगर हमला रोक नहीं पाती है, तो वह कम से कम इतना जरूर कर सकती है कि हमलावर देश को आर्थिक मोर्चे पर अपनी हरकत का असर तुरंत महसूस होने लगे। यानी उसे समझ में आए कि हमला करके उसने गलती कर दी है। इसके लिए ही रूस पर आर्थिक प्रतिबंध लगाए गए हैं। आर्थिक प्रतिबंध का मकसद उस देश के आम नागरिकों को परेशान करना नहीं होता है, लेकिन उसका यह असर जरूर होता है कि जनता परेशानी में पड़ती है, तो फिर अपनी सरकार पर युद्ध के खिलाफ दबाव बनाने का काम करती है। रूस में तो यह दबाव पहले से ही बनता दिख रहा है। यहां तक कि रूस के खिलाड़ी भी अंतरराष्ट्रीय मंचों पर खुलेआम अपनी सरकार के खिलाफ आवाज उठाने से कतई परहेज नहीं कर रहे हैं।

रूस के लिए अब विश्व व्यापार के दरवाजे भी बंद किए जा रहे हैं। रूस दुनिया के सबसे बड़े तेल निर्यातक देशों में एक है। इसके अलावा, गेहूं, मक्का, सोयाबीन, सूरजमुखी जैसे अनेक कृषि उत्पादों के बाजार में भी वह एक बड़ा आपूर्तिकर्ता है। जाहिर है, उसके अलग-थलग पड़ने का असर सीधे कीमतों पर दिखेगा।

पिछले पंद्रह दिनों में ही कच्चे तेल का भाव करीब 20 प्रतिशत उछल चुका है। इसी दौरान कोयला तो करीब दोगुना होने को है, जबकि गेहूं, मक्का, खाने के तेल और रासायनिक उर्वरक की कीमतों में 10 से 30 प्रतिशत तक का उछाल आ चुका है। इसके साथ ही, पूरी दुनिया में महंगाई का खतरा और बढ़ गया है। भारत भी इससे बचा नहीं है। चुनाव खत्म होते ही भारत में पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ना तय है। उसके साथ ही महंगाई का भूत एक बार फिर सिर पर चढ़कर नाचने की तैयारी में है। इतना तो तय है कि यह लड़ाई रूस को महंगी पड़ेगी। तीन वैश्विक संस्थानों ने मिलकर अध्ययन किया है, जिसके हिसाब से लड़ाई के पहले चार दिनों में ही करीब सात अरब डॉलर का झटका रूस को लग चुका था और कुल मिलाकर इस लड़ाई से रूस को रोजाना 20 से 25 अरब डॉलर का नुकसान होना तय है। विदेशी मुद्रा बाजार में रूसी रूबल की कीमत 30 प्रतिशत से ज्यादा गिर चुकी है और गिरावट अभी थमी नहीं है। रूस में शेयर बाजार को तो बंद ही कर दिया गया है। रूस तक पैसा पहुंचने से रोकने के लिए जितने प्रतिबंध लगाए गए हैं, वे उन देशों के लिए भी मुसीबत खड़ी करते हैं, जिन्हें रूस से पैसा लेना है। यही वजह है कि भारत में उद्योगपतियों से लेकर बैंक तक परेशान हैं। खबर है कि बैंकों और आरबीआई के बीच लगातार बात चल रही है कि रूस से आने वाले भुगतान का रास्ता कैसे खोला जाए।

उद्योग जगत दोहरी परेशानी में है। जिन्होंने रूस को माल भेजा हुआ है या जिनका पैसा रूस के किसी कारोबार में लगा हुआ है, उनकी सबसे बड़ी चिंता तो अभी यही है कि पैसा कैसे हासिल किया जाए? लेकिन बाकी सबके लिए परेशानी की वजह है इस लड़ाई का असर। भारत पर इस लड़ाई का सीधा असर अभी भले न दिखाई दे, लेकिन यह युद्ध परोक्ष रूप से कितना महंगा पड़ेगा, यह हिसाब जोड़ना ही डरावना है। और ऐसे में ही याद आती हैं साहिर लुधियानवी की ये पंक्तियां-

आग और खून आज बख्शेगी  
भूख और एहतियाज कल देगी  
इसलिए ऐ शरीफइंसानों  
जंग टलती रहे तो बेहतर है  
आप और हम सभी के आंगन में  
शम्आ जलती रहे तो बेहतर है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# आखिर पुरषों को कब तक प्राथमिकता मिलती रहेगी

अश्विनी देशपांडे, वरिष्ठ अर्थशास्त्री

लैंगिक असमानता के बारे में आज भारतीय क्या महसूस करते हैं? जब नौकरियां कम हों, तो क्या पुरुषों को प्राथमिकता देनी चाहिए? क्या महिलाओं को हमेशा अपने पति की बात माननी चाहिए? क्या वे अच्छी राजनेता बन सकती हैं? क्या उनके खिलाफ हिंसा समस्या है? क्या देश में लड़कों को महिलाओं का सम्मान करना सिखाकर सुरक्षा में सुधार करना चाहिए या लड़कियों को ठीक से व्यवहार करना सिखाना चाहिए?

ऐसे ही कई सवालों के जवाब भारत पर प्यू रिसर्च सेंटर द्वारा किए गए सर्वेक्षण के दूसरे भाग में मौजूद हैं। ज्यादातर भारतीय लैंगिक असमानता को पहचानते तो हैं, लेकिन इसे समस्या के रूप में नहीं देखते। उदाहरण के लिए, 87 प्रतिशत बड़ी महिलाओं (35+) का मानना है कि पत्नी को अपने पति की बात माननी चाहिए, और यह अनुपात कम उम्र की महिलाओं (18-34 वर्ष) के बीच भी ज्यादा अलग (84 प्रतिशत) नहीं है। इससे पता चलता है कि असमान पैमाना व्यापक और परंपरागत है। हालांकि, कुछ दूसरे पहलू भी हैं। सिर्फ 19 प्रतिशत बड़ी महिलाएं इस बात से सहमत हैं कि परिवार में पुरुषों को खर्च के बारे में निर्णय लेने के लिए मुख्यत: जिम्मेदार होना चाहिए। केवल 23 प्रतिशत ऐसी महिलाएं सोचती हैं कि पुरुष तुलना में बेहतर राजनेता बनते हैं। लगभग 34 प्रतिशत बड़ी महिलाएं कहती हैं कि बेटों को विरासत का ज्यादा हक होना चाहिए।



हम जानते हैं कि भारत में निर्णायक भूमिकाओं में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बहुत कम रहा है। इस सर्वेक्षण से पता चलता है कि 55 प्रतिशत भारतीय मानते हैं कि महिला और पुरुष समान रूप से अच्छे राजनेता होते हैं। सभी स्तरों पर महिला उम्मीदवारों की संख्या बढ़ाकर सभी राजनीतिक दलों को इसका जवाब देना चाहिए और महिला आरक्षण बिल का समर्थन करना चाहिए। 53 प्रतिशत महिलाएं लड़कों और पुरुषों को महिलाओं का सम्मान करना सिखाकर अपनी सुरक्षा में सुधार के पक्ष में हैं; 48 प्रतिशत पुरुष भी इससे सहमत हैं। बहुत कम लोग हैं, जो मानते हैं कि लड़कियों को उचित व्यवहार सिखाना चाहिए। लोगों की इन भावनाओं की रोशनी में सार्वजनिक नीतियों को बदला क्यों नहीं जाता है? अभी की नीतियां महिलाओं की आजादी के प्रतिकूल हैं और उन्हें घरेलू हिंसा के हालात की ओर ले जाती हैं।

जब लैंगिक नजरिये की बात आती है, तो उत्तर-दक्षिण का विभाजन भी टूट जाता है। जरूरी नहीं कि लैंगिक नजरिये के मामले में हिंदी पट्टी की तुलना में अधिक समतावादी हों। उत्तर-दक्षिण के भेद का धुंधला होना हमें वास्तविक लैंगिक समानता पाने के पथरीले रास्ते के प्रति सचेत करता है। कॉलेज में पढ़े-लिखे 80 प्रतिशत भारतीय इस विचार का समर्थन करते हैं कि पत्नियों को पतियों की आज्ञा का पालन करना चाहिए। बेटों को वरीयता देने के प्रति भी दृढ़ता है। लगभग दो-तिहाई भारतीयों का मानना है कि बेटों को ही माता-पिता का अंतिम संस्कार करना चाहिए। वैसे समय के साथ जन्म के समय का लिंगानुपात समानता की ओर बढ़ रहा है। गौर करें, 1998-99 में 31 प्रतिशत विवाहित स्त्रियों ने कहा था कि उनके पति ने मुख्य रूप से यह तय किया कि पत्नी की कमाई का उपयोग कैसे किया जाए, जबकि 2015-16 में ऐसी स्त्रियों 17 प्रतिशत ही रह गईं।

यह रिपोर्ट भारत में पुत्र वरीयता के आधार को कमजोर करने के लिए ठोस नीतिगत कोशिशों की जरूरत को रेखांकित करती है। जब तक माता-पिता यह मानते हैं कि बेटियां पराया धन हैं और उनमें निवेश पड़ोसी के बगीचे को सींचने जैसा है, तब तक लैंगिक भेदभाव बढ़ता जाएगा। हम इस स्थिति को कैसे बदल सकते हैं? इस रिपोर्ट से पता चलता है कि पितृ-सत्तात्मक व्यवहार और महिलाओं की चुप्पी परस्पर मिली-जुली है, उसके कुछ पहलू मजबूत हैं और कुछ कमजोर। महिलाओं के लिए नीति-निर्माण में कमजोर पहलू का ही उपयोग करना चाहिए। श्रमिकों या उद्यमियों के रूप में अर्थव्यवस्था में भागीदारी की महिलाओं की क्षमता में वृद्धि उनकी आर्थिक आजादी और सर्वाधिक अभिव्यक्ति का आधार तैयार करेगी। साथ ही, सरकारी और निजी, दोनों क्षेत्रों में निर्णायक भूमिकाओं में महिलाओं की अधिक से अधिक मौजूदगी होनी चाहिए। इस रिपोर्ट के कई बिंदु इशारा करते हैं कि इस राह पर चलना मुश्किल तो है, नामुमकिन नहीं।

**( ये लेखिका के अपने विचार हैं )**

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे
9827806026, 7869620239

श्री सांई शूज कलेक्शन
जूते, चप्पल एवं पंजाबी जूती की विशाल श्रृंखला
Roshi 9302834546
मेनोनाईट चर्च के सामने, जी.ई. रोड. दुर्ग (छ.ग.)

डिम्पी ज्वेलर्स
सजेश भोरकर 9907157053
राकेश भोरकर 9302830835
आजाद चौक, कसारीडीह, दुर्ग (छ.ग.)

स्थानांतरण
लक्ष्मी ज्वेलर्स
कुशल भैय्या
9770584111
8959994444
स्टेशन रोड, कर्नाटका बैंक के सामने, दुर्ग (छ.ग.)

NJ
सोने, चांदी के जेवर के विक्रेता
सांखला नवीन ज्वेलर्स
जवाहर चौक, दुर्ग

|| श्री गणेशाय नमः ||
राजहंस राजस्थानी थाली रेस्टोरेन्ट
शुद्ध शाकाहारी भोजन की व्यवस्था
पार्सल की सुविधा उपलब्ध
भागीरथ पंचारिया मो.- 9893302026
हरिश जोशी मो.- 7000515894
होटल न्यू इंडिया के नीचे, पोलसाय पारा चौक, दुर्ग (छ.ग.)

With Best Service and Quality Since Last 28 Years
कृष्णा ऑप्टिकल्स
आँखों की निःशुल्क जांच की जाती है
तुरंत चश्मा प्राप्त करें
krishnaopticalsdurg.com ahujav67@gmail.com krishna_opticals_1993 krishnaoptical'sdurg
नये बस स्टैण्ड के सामने, सौभग्य कॉम्पलेक्स, दुर्ग 98279 53331
मातोश्री काम्पलेक्स, महाराजा चौक, दुर्ग 93031 07850

विनय मेडिकल स्टोर्स
सभी प्रकार के अंग्रेजी और आयुर्वेदिक दवी के चिल्हर विक्रेता
मो.-9329766891
शॉप नं.-15, महात्मा गांधी मार्केट, अग्रेसन चौक, दुर्ग (छ.ग.)

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

सुशील म्युजिकल
इलेक्ट्रीक शाही बेन्जो के निर्माता
सभी प्रकार के संगीत वाद्य यंत्र के विक्रेता
स्टेशन रोड, फरिश्ता काम्प्लेक्स के पास, दुर्ग (छ.ग.) - 491001
मो.-9993626855, फो.-07884010027
e-mail-sushilmusical@gmail.com

आर्टिफिशियल ज्वेलरी के विक्रेता
अनुप ट्रेडर्स
सर्कुलर मार्केट, केम्प–2, पावर हाउस, भिलाई

श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM



## खास खबर

### ग्रामीण महिलाएं भी दोहरी जिम्मेदारी निभाने में नहीं हैं पीछे



**अम्बिकापुर।** शहरी महिलाएं पुरुषों के समान कई दायित्व निभाकर पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है अब यह बात सामान्य भले हो चुकी है लेकिन उनसे प्रेरित होकर अब ग्रामीण महिलाएं भी पीछे नहीं है। वे कई भूमिकाओं का निर्वहन कर सामाजिक व आर्थिक रूप से सशक्त हो रही है। इसका मिसाल लखनपुर जनपद के राजपुरीकला निवासी श्रीमती ललिता सिंह है जो पारिवारिक जिम्मेदारी के साथ मनरेगा के मेट की जिम्मेदारी भी बखूबी निभा रही है। अब वह अपने ग्राम में केवल एक गृहणी ही नहीं बल्कि मेट में रूप में भी पहचाने जाने लगी है।

करीब 31 वर्षीय श्रीमती ललिता सिंह विगत 8 वर्षों से अपने ग्राम पंचायत में मनरेगा मेट का कार्य करते आ रही है। आज ग्रामवासी जानते है कि ललिता मनरेगा कार्यस्थल पर गोदी नापने, मस्टर रोल भरने तथा मनरेगा से सम्बंधित अन्य कार्य करती है। अपनी देख–रेख में उन्होंने कई डबरी और तालाब गहरीकरण के कार्य कराई हैं। श्रीमती ललिता बताती हैं कि पहले मेजरमेंट टेप पकड़ने में डर लगता था लेकिन अब खुद नाप लेती हैं। मोबाइल मॉनिटरिंग एप्प के जरिये 20 से अधिक श्रमिक वाले कार्यों की ऑनलाईन एंट्री भी कार्यस्थल से कर लेती हैं। 5 सदस्यीय परिवार में उनके पति राज मिस्त्री है। मेट के रूप में कार्य करने से परिवार को आर्थिक मदद मिल जाती है। ललिता सिंह अपने काम के प्रति बेहद संवेदनशील है। वह श्रमिक महिलाओं को कार्यस्थल पर आने तथा 100 दिवस कार्य के प्रति जागरूक भी करती है। मनरेगा के कार्य शुरू होने की जानकारी घर–घर जाकर देती है।

### मुख्यमंत्री ने किसानों के हित में की बड़ी घोषणा

# किसान खाद-बीज की भांति समितियों और गौठानों से वर्मी कम्पोस्ट का कर सकेंगे अग्रिम उठाव

### मुख्यमंत्री ने गोबर विक्रेताओं, गौठान समिति और महिला समूहों को 5.38 करोड़ रूपए की राशि जारी की

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज शाम अपने निवास कार्यालय में गोधन न्याय योजना के राशि अंतरण कार्यक्रम के दौरान राज्य के किसानों के हित में एक बड़ी घोषणा की। उन्होंने कहा कि किसान खाद–बीज के अग्रिम उठाव की तरह सोसायटियों और गौठानों से वर्मी कम्पोस्ट एवं सुपर कम्पोस्ट का भी अग्रिम उठाव कर सकेंगे। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर गौठान समितियों और महिला स्व–सहायता समूहों को उनकी गतिविधियों के बेहतर संचालन के लिए एंडवास राशि उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए।



इस मौके पर मुख्यमंत्री ने गोधन न्याय योजना के तहत गौठानों में गोबर बेचने वाले पशुपालक ग्रामीणों सहित गौठान समितियों तथा महिला स्व–सहायता समूहों को कुल 5 करोड़ 38 लाख रुपये की राशि का ऑनलाइन अंतरण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह छत्तीसगढ़ राज्य के लिए गौरव की बात है कि हमारी गोधन न्याय योजना को झारखंड राज्य में जस–का–तस अपने राज्य में लागू करने का निर्णय लेते हुए इसे अपने बजट में शामिल किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे गौठान और गोधन न्याय योजना की सफलता अब किसी से छुपी नहीं रह गई है। मुझे यह बताते हुए गर्व हो रहा है कि आज राज्य के 2800 गौठान स्वावलंबी हो चुके हैं, जो राज्य में निर्मित एवं संचालित गौठनों की संख्या का एक तिहाई से भी अधिक है। यह स्वावलंबी गौठान अब गोधन न्याय योजना के अंतर्गत स्वयं की राशि से गोबर खरीदी और गौठान की व्यवस्था स्वयं संभालने लगे हैं।

यह खुशी की बात है कि स्वावलंबी गौठान अब पशुपालक ग्रामीणों से गोबर खरीदी में स्वयं की पूंजी का निवेश करने लगे हैं। स्वावलंबी गोठनों ने 12 करोड़ 60 लाख रुपये का गोबर, स्वयं की राशि से खरीदा है। इसके लिए मुख्यमंत्री ने स्वावलंबी गोठान समिति के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों को बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि तीन साल पहले हम लोगों ने नवा छत्तीसगढ़ गढ़ने का संकल्प लिया था, अपने छत्तीसगढ़ को नयी पहचान दिलाने का संकल्प लिया था, अपनी छत्तीसगढ़–महतारी का मान बढ़ाने का संकल्प लिया था। आज तीन साल बाद मैं बहुत गर्व के साथ कह सकता हूं कि हमारी सरकार ने अपने हर वादे की तरह इस संकल्प को भी पूरा कर दिखाया है।

छत्तीसगढ़ सरकार ने अपने किसानों, आदिवासियों, मजदूरों और शोषित–पीड़ित लोगों के लिए इन तीन वर्षों में जो कदम उठाए हैं, आज उनकी पूरे देश में चर्चा हो रही है। विपक्ष के लोग भी छत्तीसगढ़ की योजनाओं की तारीफकर रहे हैं। दूसरे राज्यों में भी ऐसी ही योजनाएं लागू करने का वादा कर रहे हैं। अभी उत्तरप्रदेश में प्रधानमंत्री मोदी जी ने वहां के लोगों से गोबर खरीदी की योजना शुरु करने का वादा किया। इससे पहले भी संसद में कृषि मामलों की स्थायी समिति गोधन न्याय योजना को पूरे देश में लागू करने की मांग कर चुकी है। नीति आयोग को भारत सरकार का थिंक–टैंक कहा जाता है। नीति आयोग ने परसों ही ट्वीट करके पूरे देश को बताया है कि बस्तर और दंतेवाड़ा की महिलाएं किस तरह महुआ–लड्डू, चाय, जैम, जेली और कुकीज जैसे खाद्य पदार्थ तैयार करके खुद को आर्थिक रूप से मजबूत कर रही हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि रूरल इंडस्ट्रीयल पार्क के रूप में विकसित हो रहे हमारे गौठानों में भी तरह–तरह की चीजों का उत्पादन हमारी महिला बहनें कर रही हैं। इन वस्तुओं की ऑन लाइन मार्केटिंग की जा रही है। तीन साल पहले तक छत्तीसगढ़ को सिर्फ नक्सली उपद्रव के नाम पर लोग जानते थे, आज हमारे गांव की समृद्धि हमारे राज्य की पहचान है। 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस है। दुनियाभर में महिलाएं सदियों से अपने अधिकारों से वंचित रही हैं। हर साल अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर हम उन्हें उनके अधिकार दिलाने का संकल्प लेते हैं। मैं बहुत गर्व से कह सकता हूं कि हमने माताओं–बहनों को उनके अधिकार दिलाने का केवल संकल्प ही नहीं लिया, उसे पूरा भी किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गोधन न्याय योजना से 02 लाख 8 हजार से ज्यादा लोगों को लाभ हो रहा है। इनमें 45 प्रतिशत महिलाएं हैं। राज्य में अभी तक 10 हजार 591 गौठानों के निर्माण की स्वीकृति दी जा चुकी है। इनमें से 8 हजार 48 गौठान निर्मित हो चुके हैं। शेष का निर्माण प्रगति पर है। पिछले एक महीने के भीतर ही हमने 301 गौठानों का निर्माण पूरा किया है।

गोधन न्याय योजना के अंतर्गत आज जैविक खाद के साथ–साथ बिजली, प्राकृतिक पेंट का भी उत्पादन किया जा रहा है। गौठानों में तेल मिल और दाल मिल लगाई जा रही है। आज यह योजना एक मिशन के रूप में संचालित की जा रही है। गोधन न्याय योजना में 15 फरवरी तक 64 लाख 92 हजार क्विंटल गोबर की खरीदी की जा चुकी थी।

### तीन दिवसीय मैनपाट महोत्सव 11 से 13 मार्च तक

# महोत्सव को भव्य, आकर्षक और प्रभावी बनाये- मंत्री भगत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**अम्बिकापुर।** मैनपाट महोत्सव 2022 का तीन दिवसीय आयोजन मैनपाट के रोपाखार जलाशय के समीप 11, 12 एवं 13 मार्च को होगा। महोत्सव के शुभारंभ अक्सर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आगमन भी प्रस्तावित है। महोत्सव में स्थानीय कलाकारों के साथ नामचीन कलाकारों की भी होगी मौजूदगी। छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण तथा संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित मैनपाट महोत्सव की समीक्षा बैठक में यह निर्णय लिया गया।



संस्कृति मंत्री श्री अमरजीत भगत ने कहा कि सभी अधिकारी–कर्मचारी बेहतर कार्य निष्पादन कर इस बार के महोत्सव को भव्य, आकर्षक और प्रभावी बनाये। विगत वर्षों से इस बार का आयोजन अलग होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैनपाट महोत्सव की लोकप्रियता हर साल बढ़ रही है, यही कारण है कि इसकी प्रसिद्धि प्रदेश और देश तक है। मैनपाट महोत्सव का आयोजन केवल मनोरंजन के लिए ही नहीं है बल्कि यह विकास के मॉडल का पैमाना भी है। यहां सड़कों का जो जाल बिछा है तथा विकास के जो अन्य कार्य हुए हैं वह महोत्सव की ही देन है। श्री भगत ने कहा कि तैयारी में कोई कमी न रखें जिस अधिकारी को जो दायित्व सौंपा गया है उसका ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करें। मैनपाट के सभी टूरिस्ट पॉइंट तक पहुंच मार्ग दुरस्त करें साइन बोर्ड लगवाएं। इसके साथ ही सामुदायिक शौचालय भी बनवाएं। सामुदायिक शौचालय का संचालन महिला समूहों को दे ताकि रोजगार के साथ देख–रेख भी हो सके। सभी पॉइन्ट पर हाई मास्ट लाइट लगवाए। दरिमा–नवानगर रोड को तेजी से ठीक कराएं। मंत्री श्री भगत ने कहा कि महोत्सव में कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था चाक–चौबंद हो। पुलिस की तैनाती पर्याप्त रखें । पुलिस सुरक्षा में यह भी ध्यान रखें कि अनावश्यक किसी को परेशानी न हो। विवाद की स्थित निर्मित न होने पाए। महोत्सव में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के लिए बैठक व्यवस्था हो। उन्होंने अधिकारी–कर्मचारी के परिवार के सदस्यों के लिए एक दिन विशेष बैठक व्यवस्था रखने कहा ताकि महोत्सव ड्यूटी में लगे अधिकारी कर्मचारी भी परिवार के साथ बैठकर महोत्सव का आनंद ले पाए। पहली होगा कुश्ती प्रतियोगिता– बार कलेक्टर श्री संजीव कुमार झा ने बताया कि महोत्सव में पहली बार कुश्ती प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। इसके लिए जरूरी तैयारी किया जा रहा है।

# रायपुर में नेशनल बाईक रेसिंग चैंपियनशिप का आयोजन पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गौरव - मुख्यमंत्री बघेल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शाम राजधानी रायपुर के आउटडोर स्टेडियम में 5 मार्च से आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सुपरक्रास प्रतियोगिता 2022 एवं फ्री स्टाइल मोटोक्रास प्रतियोगिता में शामिल हुए। प्रतियोगिता का आयोजन खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा छत्तीसगढ़ मोटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। इससे पहले उन्होंने स्टेडियम में स्वयं बाईक चलाते हुए प्रवेश कर मंच तक पहुंचे और सभी बाईकर्स तथा खेल प्रेमी दर्शकों का भरपूर उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के बाईक राईडर्स के साहसिक और हैरत अंगेज प्रदर्शन से दर्शक रोमांचित हो उठे।



इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री बघेल ने सम्बोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सुपरक्रास प्रतियोगिता 2022 एवं फ्री स्टाईल मोटोक्रास का आयोजन रायपुर में किया गया, जो देश में पहली बार किसी आउटडोर स्टेडियम में फ्लड लाईट में आयोजित हो रहा है। यह हमारे प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। राज्य गठन के पश्चात् से ही छत्तीसगढ़ मोटर स्पोर्टस् द्वारा वर्ष 2003 से अब तक विभिन्न राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर की रैली का सफल आयोजन किया गया है।

उन्होंने कहा कि यह आयोजन सबसे अलग एवं रोमांचक और महत्वपूर्ण है। इस प्रकार के आयोजन राज्य की जनता, खिलाड़ी में मोटर स्पोर्ट्स को चढ़ावा देना, उन्हें प्रोत्साहित करना तथा यह बताना कि इस प्रकार की खेल प्रतियोगिता के आयोजन के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर के साथ–साथ भारत और छत्तीसगढ़ राज्य भी सक्षम है। प्रतियोगिता का मूल उद्देश्य युवाओं को रोड रेज एवं आम रास्तों पर स्टंट इत्यादि से रोकना एवं एक विशेष स्थल पर उनको मौका प्रदाय कर अपने प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर देना है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अत्याधिक लोकप्रिय, रोमांच, गति एवं साहस से भरपूर इस विशेष खेल को छत्तीसगढ़ में भी स्थापित करना, छत्तीसगढ़ मोटर स्पोर्टस् एसोसिएशन का यही उद्देश्य रहा है। इसमें हमारी सरकार पूर्ण सहयोग प्रदान कर रही है।

मुख्यमंत्री श्रबघेल ने कहा कि राष्ट्रीय प्रतियोगिता के साथ ही अंतर्राष्ट्रीय बाईकर्स द्वारा फ्री स्टाइल मोटोक्रास का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। इस प्रतियोगिता के विभिन्न रेस में छत्तीसगढ़ के प्रतिभागियों के लिए भी विशेष श्रेणी रखी गई है, जिसमें केवल छत्तीसगढ़ के बाईकर को अवसर मिला है। इस प्रतियोगिता में कुल 08 वर्गों में रेस आयोजित है। इन रेसिंग प्रतियोगिता के मध्य फ्री स्टाइल मोटो कास का प्रदर्शन विदेशी बाईकर के द्वारा किया गया, जो आप सब में रोमांच भर दिया। उबड़–खाबड़ रास्तों पर विदेशी एवं महंगी बाईको से राईडरों द्वारा छत्तीसगढ़ में अपने जौहर का प्रदर्शन किया है, जो सराहनीय है। मैं स्वयं बाईक राईडिंग का शैकिन रहा हूँ और आज भी आवश्यकता पड़ने पर बाईक से घूमना पसंद करता हूँ। उन्होंने छत्तीसगढ़ मोटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा छत्तीसगढ़ प्रदेश में साहसिक आयोजन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उच्च शिक्षा तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री उमेश पटेल, सांसद श्रीमती छाया वर्मा, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल कुलदीप जुनेजा, महापौर श्रएजाज ढेबर, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग डॉ. किरणमयी नायक, रायपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री सुभाष धुप्पड़, नगर निगम के सभापति श्री प्रमोद दुबे, मुख्यमंत्री के सलाहकार श्री प्रदीप शर्मा, मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव श्री सुब्रत साहू तथा अन्य जनप्रतिनिधि और खेल प्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# प्रदेश में बेहतर मातृत्व स्वास्थ्य के लिए जननी सुरक्षा योजना

### जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम और जन्म सहयोगी कार्यक्रम का क्रियान्वयन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** प्रदेश में मातृत्व स्वास्थ्य को बेहतर करने और संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने जननी सुरक्षा योजना, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम और जन्म सहयोगी कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। राज्य शासन के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा संचालित इन योजनाओं और कार्यक्रमों का लाभ गर्भवती महिलाओं व नव प्रसूताओं तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जा रहा है। इनके प्रभावी क्रियान्वयन से प्रदेश में संस्थागत प्रसव की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है।

राज्य में सुरक्षित मातृत्व व संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए जननी सुरक्षा योजना शुरू की गई है। गर्भावस्था से लेकर प्रसव के 42 दिनों तक होने वाली गर्भवती महिलाओं और नव प्रसूताओं की मृत्यु में कमी लाना ही इस योजना का उद्देश्य है। ग्रामीण महिलाओं द्वारा शासकीय अस्पताल या जननी सुरक्षा योजना के तहत मान्यता प्राप्त निजी अस्पताल में बी.पी.एल. महिलाओं द्वारा प्रसव करवाने पर 1400 रूपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। शहरी महिलाओं को शासकीय अस्पताल में संस्थागत प्रसव पर 1000 रूपए दिए जाते हैं। घर पर प्रसव की स्थिति में बी.पी.एल. श्रेणी की ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों की महिलाओं को 500 रूपए प्रदान किया जाता है। चालू वित्तीय वर्ष 2021–22 में योजना के अंतर्गत दो लाख 19 हजार 241 हितग्राहियों को राशि दी गई है।

जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के तहत गर्भवती महिला या नव प्रसूता के चिकित्सकीय सहायता के लिए अस्पताल में भर्ती होने की जरूरत पर उन्हें नि:शुल्क इलाज उपलब्ध कराया जाता है। सम्पूर्ण सेवा शुल्क में छूट के साथ ही हर तरह की जांच एवं परीक्षण, सामान्य एवं सिजेरियन प्रसव, रक्त चढ़ाए जाने की व्यवस्था, भर्ती के दौरान भोजन की व्यवस्था जैसी सभी सुविधाएं नि:शुल्क प्रदान की जाती है। घर से अस्पताल, अस्पताल से उच्च संस्था रेफरल और अस्पताल से घर वापसी के लिए नि:शुल्क वाहन भी उपलब्ध कराया जाता है। चालू वित्तीय वर्ष में दो लाख 99 हजार 273 हितग्राहियों को इस योजना का लाभ दिया जा चुका है।

प्रसव के दौरान गर्भवती महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा जन्म सहयोगी कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत प्रसव के दौरान गर्भवती महिला के परिवार से किसी महिला सदस्य या मितानिन को प्रसव कक्ष में मौजूद रखा जाता है।

(VISHAL) Mobile No. 7000536728
SHREE MOBILE
Kasaridih, Sai Mandir Road, Near Raja Fire Works Azad Chowk, Durg (C.G.)
Email ID : vishalrohda99@gmail.com
♦ Buy ♦ Sell ♦ Purchase
( All Second Hand Mobile Available)

MENS Clothing
A COMPLETE MEN'S FASHION STORE
Shahrukh Quraishy
8818880051
Infront Of National Steel, Maharaja Chowk, Durg (C.G.) 491001
E-mail.:- shahrukhquraishy786@gmail.com

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reastaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65
Premier sales 8959493000
Arhum Electronics 9926100315
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

Jeans, Trousers, Shirts, T-shirts, Top, Legis, Suits & All Types of Mens & Ledies Wears
Rock Star
Girls & Mens Wear
Kishan Ahuja
9300628876
Maharja Chowk, opp. Oriental Bank, Borsi,Road, Durg (C.G.)

Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

SHRI SAI
COMMERCE COACHING
A Complete Commerce Solution
ONLINE CLASS
XIth XIIth B.COM
CA/CS/CMA
Registration Open
KHOOBI SIR- Director
Sirsa Road, Kohka, Bhilai, Mo.-98935-82241
www.shri.sai.commercecoaching.com

## खास खबर

### रायपुर की डॉ. मुक्ता कौशिक को पुणे में मिला सम्मान

**रायपुर (ए)।** सावित्रीबाई फुले अंतराष्ट्रीय मातृशक्ति सम्मान समारोह का आयोजन पुणे, महाराष्ट्र में किया गया। इसमें राजधानी के समीप अभनपुर के ग्रेसियस कॉलेज ऑफ एजुकेशन की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मुक्ता कौशिक को रानी लक्ष्मीबाई सम्मान से अलंकृत किया गया।

राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना एवं आट्र्स, कॉमर्स महाविद्यालय, पुणे, महाराष्ट्र के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय मातृशक्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें देश विदेश के साहित्यकार, कवयित्री, शिक्षाविदों को मातृशक्ति सम्मान से अलंकृत किया गया। डॉ. मुक्ता कौशिक को यह सम्मान डा.शहाबुद्दीन नियाज मुहम्मद शेख एवं पुणे महाराष्ट्र महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.आफताब अनवर शेख एवं राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना के महासचिव डॉ. प्रभु चौधरी के हाथों प्राप्त हुआ। इस सम्मान के लिए डॉ.मुक्ता कौशिक को राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना के संरक्षक प्रो.शैलेन्द्र कुमार शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष सुवर्णा जाधव, डॉ.शैलचन्द्रा,धराधाम गवर्नर डा.शंभू पवार, डॉ.निक्की शर्मा, ग्रेसियस कालेज के डायरेक्टर डॉ.आशुतोष शुक्ला, भारती शुक्ला, प्राचार्य डॉ.रिया तिवारी, विश्व हिंदी साहित्य सेवा संस्थान के सचिव डा.गोकुलेश्वर कुमार द्विवेदी, नागरी लिपि परिषद्, नई दिल्ली के महामंत्री डॉ.हरिसिंह पाल, सखी साहित्य परिवार की अध्यक्ष डॉ.दीपिका सुतोदिया, कान्हा कौशिक, प्रतीक कौशिक, मयंक कौशिक, डॉ.आशीष नायक, डॉ. किरण पटेल आदि शामिल थे।

### रायपुर में दो साल बाद निकलेगी भगवान झूलेलाल की विशाल शोभायात्रा

**रायपुर (ए)।** कोरोना महामारी के कारण पिछले दो साल से भगवान झूलेलाल का जन्मोत्सव सार्वजनिक रूप से नहीं मनाया जा रहा था। करीब 55 साल से निकलने वाली भव्य शोभायात्रा दो साल तक स्थगित रही। अब महामारी का प्रकोप कम होने और स्कूल, कालेज, बाजार खुल जाने से इस साल भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा में 11 झांकियां आकर्षण का केंद्र रहेगी। यह निर्णय रविवार को लाखेनगर स्थित सिंधी धर्मशाला में सिंधी समाज की बैठक में लिया गया। बैठक में अलग-अलग इलाकों की सिंधी पंचायत के प्रमुख सदस्य शामिल हुए।

बैठक में निर्णय लिया गया है कि इस साल शोभायात्रा में निकलने वाली झांकियों में सिंधु संस्कृति एवं देश की आजादी में सिंधी समाज के योगदान को दर्शाया जाएगा। चेट्रीचंड्र महोत्सव समिति के प्रवक्ता दिनेश अठवानी ने बताया कि हिंदू संवत्सर के चैत्र मास के प्रथम दिन भगवान झूलेलाल जन्मोत्सव मनाया जाता है। अवतरण दिवस पर हिंद स्पोर्टिंग मैदान लाखेनगर से शोभायात्रा निकाली जाएगी। शहर के मुख्य मार्गों से होकर शोभायात्रा वापस लाखेनगर पहुंचकर समाप्त होगी। शोभायात्रा का पुरानी बस्ती, बूढ़ापारा, तात्यापारा चौक, एमजी रोड, स्टेशन रोड समेत अन्य चौराहों पर स्वागत किया जाएगा। कई स्वागत द्वार एवं भव्य मंच बनाए जाएंगे। फूल बरसाकर शोभायात्रा का स्वागत करेंगे। भगवान झूलेलाल की शोभायात्रा में दो अप्रैल की सुबह पूजा-अर्चना, पंजड़ा का गायन किया जाएगा। दोपहर 12 बजे भव्य महाभंडारे में प्रसादी वितरित की जाएगी। शाम चार बजे संतों की अगुवाई में बहराणा साहेब एवं 11 झांकियों के साथ शोभायात्रा निकलेगी। विविध मार्गों से रात्रि 9 बजे वापस पहुंचेगी। रात्रि में आरती, पल्लव के साथ समापन होगा। शोभायात्रा का मार्ग प्रशासन की स्वीकृति के अनुसार निकाला जाएगा।।

### रायपुर नगर निगम प्रदूषण कम करने दो साल में एक भी नही लग पाया स्माग टावर

**रायपुर (ए)।** केंद्र सरकार ने प्रदूषण कम करने के लिए रायपुर नगर निगम को तीन स्माग टावर बनाने दो साल पहले ही 50 करोड़ रुपये आवंटित कर दिया था लेकिन दो साल तक नगर निगम प्रशासन तीन जगहों का चयन करता रह गया जबकि विशेषज्ञों की रिपोर्ट में टाटीबंध, तेलीबांधा और बिरगांव चौक पर स्माग टावर बनाने की सिफारिश की गई थी,लेकिन कोरोना और लाकडाउन की वजह से फाइल ठंडे बस्ते से चली गई। अब जाकर फिर से फाइल निकाली गई है। अधिकारियों का दावा है कि अब स्माग टावर बनाने का काम जल्द ही शुरू कर इसी साल पूरा कर देगे पर अब तक टेंडर की प्रक्रिया तक शुरू नहीं की जा सकी है। नई दिल्ली और मुंबई के बाद केंद्र सरकार ने प्रदूषण कम करने और स्माग टावर लगाने के लिए रायपुर नगर निगम को जनवरी 2020 में 50 करोड़ रुपये आवंटित कर दिया था।इस पैसे में से 27.50 करोड़ की लागत से राजधानी में तीन स्माग टावर लगाने में खर्च करना था, लेकिन स्थान चयन करने के लिए विशेषज्ञों की समिति बनाने, समिति के सर्वे, फिर उसकी फाइनल रिपोर्ट बनी ही थी कि इसी बीच कोरोना संक्रमण, लाकडाउन के कारण दो साल बीत गए। टाटीबंध, तेलीबांधा और बिरगांव चौक पर स्माग टावर बनाने की तैयारी चल ही रही थी कि कोरोना की तीसरी लहर ने काम को रोक दिया। अब स्थिति सामान्य होने पर फिर से कवायद शुरू की गई है। अधिकारियों के मुताबिक रायपुर में एयर क्वालिटी इंडेक्स बहुत ज्यादा खराब नहीं बताई गई है।रिपोर्ट में कहा गया है कि यहां ज्यादा ऊंचे और विशाल टावर या प्यूरीफायर लगाने की जरूरत नहीं है। मीडियम साइज के उपकरणों से भी हवा शुद्ध की जा सकेगी। स्माग टॉवर, एयर प्यूरीफायर और 20 मिस्ट फाउंटेन जैसे उपकरणों से हवा के प्रदूषण को कम किया जा सकता है।

# संगठित समाज ही विकास की धारा में आगे बढ़ता है : मुख्यमंत्री बघेल

**कुर्मी छात्रावास और सामाजिक भवन के लिए 20-20 लाख रुपए की घोषणा समाज के 38 प्रतिभावान बच्चे हुए सम्मानित**

**मुख्यमंत्री छतौद में आयोजित छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के राज अधिवेशन में हुए शामिल**

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि संगठित समाज ही विकास की धारा में आगे बढ़ता है। उन्होंने कहा कि समाज के विकास में सबकी भागीदारी जरूरी है। सभी के एक होने से समाज में सामाजिक समरसता का विकास होगा। वे रायपुर जिले के तिल्दा विकासखण्ड के ग्राम छतौद में आयोजित छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के 76वें वार्षिक राज अधिवेशन को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर नेवरा में कुर्मी छात्रावास में अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए 20 लाख रुपए और तुलसी गाँव में मनवा कुर्मी समाज को आवंटित भूमि पर सामाजिक भवन के लिए 20 लाख रुपए की मंजूरी दी और समाज के 38 प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित किया। श्री बघेल के छतौद पहुंचने पर तिल्दा राज इकाई प्रधान ठाकुर राम वर्मा की अगुवाई में समाज के प्रतिनिधियों और स्व-जनों ने उनका आत्मीय स्वागत किया।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने अधिवेशन में कहा कि समाज को आर्थिक और शैक्षणिक क्षेत्र में निरंतर वृद्धि के साथ ही बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देना होगा। उन्होंने बच्चों को संस्कारवान बनाने तथा लड़के और लड़कियों के बीच के अंतर मिटाने का आव्हान किया। उन्होंने समाज के युवाओं से केवल सरकारी नौकरी में ध्यान न देकर व्यवसाय और उद्योग के क्षेत्र में आगे बढ़ने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं, इससे उनके आर्थिक स्थिति में परिवर्तन हुआ है और इसे लगातार और मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भविष्य के लिए जल संरक्षण बहुत जरूरी है, इसको ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ में नरवा योजना का संचालन किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गांधी जी के ग्राम स्वराज को साकार करने की दिशा में सरकार निरंतर कार्य कर रही है। गांवों में रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए गोठानों रूरल इंडस्ट्रील्स पार्क विकसित किए जा रहे हैं, जहां ग्रामीणों को विभिन्न आर्थिक गतिविधियों से जोड़ा जा रहा है। इसी तरह गौठान में वर्मी कंपोस्ट का निर्माण किया जा रहा है। खेती-किसानी को प्रोत्साहन दिए जाने से खेती के रकबे में लगातार वृद्धि हो रही है। वहीं इसके प्रति लोगों का रूझान भी बढ़ा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में गोधन योजना से रोजगार और आय के नए स्त्रोत प्रारंभ हुए हैं। जिसके पास पहले कोई रोजगार नहीं होता था, वे गोबर बेचकर लाभ कमा रहे हैं। गोधन न्याय योजना की पूरे देश में सराहना की जा रही है। गांव की परंपरा को पुनर्जीवित करने का काम सरकार द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने समाज के लोगों से गौठान में पैरा दान करने की अपील की।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के केंद्रीय अध्यक्ष चोवा राम वर्मा, लोकसभा क्षेत्र दुर्ग के सांसद विजय बघेल, पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष सीताराम वर्मा, राज्यसभा सांसद छाया वर्मा,पूर्व विधायक जनकराम वर्मा, लक्ष्मी वर्मा,रायपुर जिला पंचायत की अध्यक्ष डोमेश्वरी वर्मा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष टंक राम वर्मा, तिल्दा जनपद पंचायत अध्यक्ष सुमन नायक, धरसींवा जनपद पंचायत अध्यक्ष चंद्रकांत वर्मा, तिल्दा की जनपद सदस्य स्वाति वर्मा सहित छतौद की सरपंच कविता वर्मा और बड़ी संख्या में मनवा कुर्मी समाज के लोग मौजूद रहे।

## डॉ. भीमराव आंबेडकर अस्पताल में बाइपास सर्जरी की स्वीकृति अटकी



**रायपुर (ए)।** राजधानी के डा. भीमराव आंबेडकर अस्पताल में एक तरफ बाइपास सर्जरी की आस लेकर आ लेकर आ रहे 150 से अधिक हृदय रोगी हर माह वापस लौट रहे हैं, वहीं दूसरी ओर 22 करोड़ से खरीदी गई कैंसर जांच की पेट स्कैन (पोजीट्रान एमिशन टोमोग्राफी) मशीन तीन सालों से धूल खा रही है। शासन की उदासीनता से ये दो बड़ी सुविधाएं अस्पताल में अब तक शुरू नहीं हो पाई हैं।

### कार्डियक सर्जरी विभाग में स्टाफ की कमी

कार्डियक सर्जरी विभाग के चिकित्सकों ने बताया कि विभाग में 72 नर्सिंग स्टाफ की जगह 13 स्टाफ से काम चला रहे हैं। कार्डियक एनेस्थीसिया, ड्यूटी डाक्टर, तकनीशियन के कई पद खाली हैं। कांग्रेस सरकार के आने के बाद हृदय रोग विभाग के लिए बजट ही नहीं मिला है। चिकित्सकों ने यह भी बताया कि हृदय की सर्जरी के लिए आवश्यक काटरी मशीन की स्वीकृति की फाइल स्वास्थ्य मंत्री की हामी के बाद भी स्वास्थ्य सचिव के पास तीन माह से अटकी हुई है। ओपन हार्ट सर्जरी शुरू होने के बाद से प्राइवेट कंपनी की डेमो काटरी मशीन से आपरेशन किया जा रहा है। बाइपास सर्जरी की सुविधा न होने से हर माह 150 से अधिक गरीब मरीज लौट रहे हैं। कैंसर रोग विभाग के चिकित्सकों ने बताया कि 2018 में खरीदी गई कैंसर जांच की पेट स्कैन (पोजीट्रान एमिशन टोमोग्राफी) मशीन तीन साल से अस्पताल में धूल खा रही है। दरअसल इसकी खरीदी प्रक्रिया में गड़बड़ी की वजह से शासन स्तर पर जांच चल रही है। चिकित्सकों ने बताया कि कैंसर जांच के लिए पेट स्कैन एडवांस तकनीक है। इसके जरिए कैंसर की मुख्य वजह क्या है, कहां और कितना फैल चुका है, इसकी जानकारी मिलती है। प्राइवेट में इसकी जांच का शुल्क करीब 15 से 20 हजार तक पड़ता है। शासकीय योजनाओं के तहत मरीजों को निश्शुल्क सुविधा दी जाती है। चिकित्सकों ने कहा कि यदि शासन चाहे तो पेन स्कैन मशीन की सुविधा तत्काल शुरू कर सकता है। लेकिन जांच की वजह से मामला अटका पड़ा है।

## रायपुर में इंद्रप्रस्थ के फ्लैट का दोबारा आवंटन की प्रक्रिया शुरू

**रायपुर (ए)।** रायपुर विकास प्राधिकरण ने इंद्रप्रस्थ में निर्माणाधीन ईडब्ल्यूएस फ्लैट की दोबारा बिक्री शुरू हो गई है। 15 मार्च तक एलआईजी फ्लैट के पुन: आवंटन की प्रक्रिया भी प्रारंभ हो जाएगी। इनकी दोबारा बिक्री इसलिए करनी पड़ रही है क्योंकि जिनके नाम से आवंटन था, वैसे ढेरों लोगों ने किस्त तक जमा नहीं की। किश्त न मिलने के कारण आरडीए पर करोड़ों का बोझ पड़ा। अब इस पैसे को चुकाने के लिए पुराने आवंटन रद कर इन्हें नए ढंग से बांटने का काम किया जा रहा है।

आरडीए ने इंद्रप्रस्थ कालोनी में ईडब्ल्यूएस के 896 तथा एलआइजी के 944 फ्लैट बनाए हैं। इनके निर्माण के लिए आरडीए ने करोड़ों रुपए का कर्ज लिया था। फ्लैट निर्माण के साथ ही इनका आवंटन कर दिया गया था। आवंटन के पश्चात चार-पांच किश्त पटाने के बाद हितग्राहियों ने आरडीए को पैसे देने बंद कर दिए। इसके कारण आरडीए बैंक का करोड़ों का कर्ज नहीं चुका पा रहा है।

हितग्राहियों को किश्त पटाने के लिए बार-बार कहने और नोटिस देने के बाद अब आरडीए ने कड़ाई शुरू कर दी है। इन फ्लैट्स का पुराना आवंटन रद कर नए ढंग से लाटरी निकाली जा रही है। आरडीए के अधिकारी का कहना है कि प्रथम चरण में एलआईजी के 205 फ्लैट है, जिनकी



दोबारा लाटरी निकाली जाएगी।

इंद्रप्रस्थ कालोनी में 944 एलआइजी और 896 ईडब्ल्यूएस फ्लैट का निर्माण 90 करोड़ की लागत से किया है। योजना आने के बाद सारे फ्लैट की बुकिंग हो गई है, लेकिन ज्यादातर हितग्राहियों द्वारा ईएमआई की राशि का भुगतान नहीं किया जा रहा है। ज्यादातर हितग्राहियों ने दो चार या फिर छह किस्त का ही भुगतान किया है। इस कारण आरडीए का करोड़ों का भुगतान रुक गया है।

### जल्द ही दोबारा आवंटन प्रक्रिया

इंद्रप्रस्थ कालोनी बनकर तैयार हो गई है। फ्लैट के आधिपत्य के लिए हितग्राहियों को नोटिस दिया गया है। जिन हितग्राहियों ने राशि नहीं पटाई है, उनके आवेदन निरस्त कर जल्द ही दोबारा आवंटन प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

**-राजेंद्र पप्पू बंजारे, संचालक, विकास प्राधिकरण, रायपुर**

## राज्यपाल इंटरनेशनल नेचुरोपैथी आर्गेनाइजेशन द्वारा 'महिला स्वास्थ्य और उद्यमिता' विषय पर आयोजित वेबिनार में हुई शामिल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके इंटरनेशनल नेचुरोपैथी आर्गेनाइजेशन एवं आयुष मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में आगामी अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के दृष्टिगत ''महिला स्वास्थ्य और उद्यमिता'' विषय पर आयोजित वेबिनार में शामिल हुई। वेबिनार में महिलाओं के स्वास्थ्य जैसे अनछुए विषय पर विशेषज्ञों द्वारा महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई।**



राज्यपाल सुश्री उइके ने अपने निवास कार्यालय से दीप प्रज्वलित कर वेबिनार की विधिवत शुरूआत की। राज्यपाल ने वेबिनार को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान परिदृश्य में विशेषकर कोविड जैसी भयावह महामारी के उपरांत लोगों का प्राकृतिक चिकित्सा और योग की तरफ रूझान बढ़ा है। महामारी ने हमें संदेश दिया है कि प्रकृति से जुड़ाव ही हमारे अस्तित्व का मूल है। इंटरनेशनल नेचुरोपैथी आर्गेनाइजेशन द्वारा प्राकृतिक चिकित्सा के प्रचार-प्रसार तथा इसके सकारात्मक प्रभावों की जानकारी देने के उद्देश्य से किये जा रहे प्रयास सराहनीय है। विशेष कर आजादी के 75वें वर्षगांठ और अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस जैसे महत्वपूर्ण अवसर पर महिला सशक्तिकरण से इतर उनके स्वास्थ्य पर चर्चा प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि ''रोग मुक्त भारत अभियान'' के माध्यम से आयुष मंत्रालय प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति से लोगों को लाभान्वित करने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। निश्चित ही इसके माध्यम से भारत की ग्रामीण आबादी को हमारी पुरातन व प्रभावी चिकित्सा पद्धतियों का लाभ मिलेगा। राज्यपाल सुश्री उइके ने कहा कि समाज में महिला स्वास्थ्य को लेकर आज भी जागरूकता की कमी दिखाई देती है। पुरूषों और महिलाओं की स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं तथा स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव अलग-अलग होते हैं। महिलाओं को उम्र के विभिन्न पड़ावों में तरह-तरह की स्वास्थ्यगत समस्याओं का सामना करना पड़ता है। समाज में महिला स्वास्थ्य को लेकर कभी गंभीर चिंतन नहीं किया जाता। कई बीमारियों के प्रति महिलाएं अधिक संवेदनशील होती हैं, इसके लिए महिलाओं को जागरूक होने की आवश्यकता है। आधुनिक शोध में यह भी पाया गया कि महिलाओं के स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के लिए दवाईयां भी उनकी आवश्यकता अनुसार तैयार की जानी चाहिए। ऐसे में नियमित दिनचर्या, प्राकृतिक उपचार तथा योग आदि स्वस्थ रहने में मददगार साबित हो रहे हैं। प्रकृति का सान्निध्य आपको शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूत बनाता है, इससे रोगप्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ती है। उन्होंने कहा कि मुझे प्रकृति से बेहद लगाव है तथा अलग-अलग समय में ऐसे अभियानों से जुड़ी रही हूं। साथ ही लोगों से अपने परिवेश से जुड़े रहने तथा उसे स्वच्छ रखने की अपील भी की। इस दौरान राज्यपाल सुश्री उइके ने विभिन्न पदों पर रहते हुए महिलाओं के समस्याओं से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपने अनुभव भी साझा किए।

वेबिनार को सांसद डॉ. हीना गावित, अंतर्राष्ट्रीय नेचुरोपैथी संस्थान के अध्यक्ष पद्मश्री जयप्रकाश अग्रवाल, राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनंत बिरादर, राष्ट्रीय नेचुरोपैथी संस्थान पुणे के निदेशक डॉ. के. सत्य लक्ष्मी, अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान नई दिल्ली के निदेशक डॉ. तनुजा नेसारी, आयुष हरियाणा के निदेशक डॉ. संगीता नेहरा ने भी संबोधित किया।

## छत्तीसगढ़ में हर महीने लौट रहीं हजारों अर्जियां, लोग नियम और शर्तों से अनजान

**रायपुर (ए)।** राजधानी समेत प्रदेशभर के तहसीलों में लोग नियम और शर्तों से अनजान होकर आवेदन कर रहे हैं। नतीजा यह हो रहा है कि एक निर्धारित अवधि के बीत जाने के बाद लोगों के अर्जियां वापस हो जा रही हैं। राजस्व संबंधी मामलों में नामांतरण, सीमांकन, किसान किताब, नजूल पट्टा आदि से संबंधित आवेदनों में खामियों के कारण राजस्व अधिकारी इन्हें वापस कर रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि इन आवेदनों में दस्तावेज पूर्ण नहीं रहते हैं, इसलिए आवेदनों को निरस्त करना मजबूरी हो जाती है। इसी तरह तहसीलों में आय, जाति और निवास प्रमाणपत्र के आवेदन भी निरस्त और अस्वीकृत हो रहे हैं।

अनजाने में कुछ मामलों में लोग निर्धारित दस्तावेज के बिना ही आवेदन कर रहे हैं। इससे साइबर कैफे संचालकों को फॉर्म भरने में फायदा हो रहा है। एक आवेदन आनलाइन जमा करने के एवज में कैफे संचालक 100 रुपये से 300 रुपये तक वसूल लेते हैं। बार-बार आवेदन किसी कारण से रिजेक्ट या वापस होने से लोगों का समय और उनका पैसा दोनों ही बर्बाद हो रहा है।

## स्वावलंबी गौठान गोबर खरीदी में करने लगे पूंजी निवेश

**12 करोड़ 60 लाख रूपए का खरीदा गोबर: 2800 गौठान हुए स्वावलंबी**

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं में से महत्वपूर्ण सुराजी गांव योजना के गरूवा घटक के तहत अब तक राज्य में निर्मित एवं सक्रिय गौठान तेजी से स्वावलंबन की ओर बढ़ रहे हैं। राज्य में अब तक 2800 गौठान स्वावलंबी हो चुके है। स्वावलंबी गौठान अब स्वयं की आय से गोधन न्याय योजना के तहत गोबर की खरीदी करने लगे हैं। स्वावलंबी गौठानों में अब तक अपनी स्वयं की राशि से 12 करोड़ 59 लाख रूपए का गोबर क्रय किया है। स्वावलंबी गौठानों की संख्या राज्य में निर्मित एवं संचालित गौठानों की संख्या के एक तिहाई से भी अधिक है। राज्य में 8349 गौठान निर्मित एवं संचालित हैं। रायगढ़ जिले में सर्वाधिक 279 गौठान स्वावलंबी हुए है। दूसरे नंबर राजनांदगांव जिले में 207 तथा तीसरे क्रम जांजगीर-चांपा जिला है, जहां 191 गौठान स्वावलंबी हुए हैं।

कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गरियाबंद जिले में 25, धमतरी में 90, बलौदाबाजार में 84, महासमुंद में 170 तथा रायपुर जिले में 85, कबीरधाम में 141, दुर्ग में 143, बालोद में 67, बेमेतरा में 68, कोरबा में 175, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 25, बिलासपुर में 82, मुंगेली में 82, कोरिया में 104, जशपुर में 75, बलरामपुर में 80, सरगुजा में 92, सूरजपुर में 68, कांकेर में 144, कोण्डगांव में 80, दंतेवाड़ा में 59, नारायणपुर में 7, बस्तर में 102, बीजापुर में 23 तथा सुकमा जिले में 52 गौठान स्वावलंबी बन चुके हैं।

गौरतलब है कि राज्य में पशुधन के संरक्षण एवं संवर्धन को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार द्वारा अब तक 10591 गांवों में गौठान के निर्माण की स्वीकृति दी जा चुकी है। जिसमें से 8349 गौठानों का निर्माण पूरा हो चुका है और वहां पर गोबर खरीदी, वर्मी कम्पोस्ट के निर्माण सहित अन्य आयमूलक गतिविधियां संचालित हो रही है। वर्तमान में 1752 गौठानों का तेजी से निर्माण कराया जा रहा है शेष 490 गौठानों के निर्माण का कार्य अभी शुरू कराया जाना है। गौठानों में पशुधन के देखरेख, चारे-पानी एवं उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान















## खास खबर



### रॉबर्ट पैटिनसन स्टारर 'द बैटमैन' ने ओपनिंग वीकेंड में कमाए 998 करोड़ रुपए

रॉबर्ट पैटिनसन स्टारर 'द बैटमैन' अपनी रिलीज की ओपनिंग वीकेंड में करीब 998 करोड़ रुपए की कमाई की है। इस बात की जानकारी भारतीय ट्रेड एनालिस्ट रमेश बाला ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट शेयर कर जानकारी दी है। यह फिल्म भारत समेत USA में 4 मार्च को रिलीज हुई थी। द बैटमैन करीब 1536 करोड़ रुपए की लागत से बनी है। इस फिल्म को मैट रीव्स ने डायरेक्ट किया है।

### फिल्ममेकर लीजू कृष्णा रेप के आरोप में गिरफ्तार

मलयालम फिल्ममेकर लीजू कृष्णा को रेप के आरोप में केरला पुलिस ने देर रात उनके कुन्नूर स्थित घर से गिरफ्तार किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार लीजू को IPC की धारा 376 के तहत अरेस्ट किया गया है। इसकी शिकायत फिल्म इंडस्ट्री से नहीं बल्कि लीजू की किसी करीबी ने किया है। डायरेक्टर को आज कोची में मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया जाएगा। लीजू की अपकमिंग फिल्म 'पडावेट्ट' है।

### दिव्या अग्रवाल और वरुण सूद का हुआ ब्रेकअप

दिव्या अग्रवाल ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया और इसके कैप्शन में लिखा, लाइफ एक स्ट्रगल है। जब आप सभी को खुश रखने की कोशिश करते हैं और इससे किसी भी प्रकार की उम्मीद नहीं रखते हैं, जब आप अपने आप से कम प्यार करने लगते हैं, तब क्या होता है। मैं किसी को किसी भी चीज के लिए ब्लेम नहीं कर रही हूं। यह मेरे साथ हो रहा है। मुझे बहुत थकावट महसूस हो रही है और यह ठीक है। अब मैं सांस लेना चाहती हूं और अपने लिए जीना चाहती हूं। यह अच्छी बात है। मैं ऑफिशयली पर अनाउंस कर रही हूं कि अब मैं अकेली हूं। अब मैं अपनी लाइफअपने तरीके से जिऊंगी। मैं कोई बहाना नहीं देना चाहती न ही मैं कोई कारण देना चाहती हूं। यह मेरी चॉइस है। मैंने जितना भी समय वरुण के साथ बिताया, मुझे वह बहुत अच्छा लगा। वरुण सूद बहुत अच्छे इंसान हैं और मेरे बहुत अच्छे दोस्त भी। मेरे डिसिजन का सम्मान करिए। धन्यवाद वरुण सब कुछ के लिए, हम हमेशा अच्छे दोस्त बने रहेंगे।

### निशा रावल ने किया खुलासा बोलीं- मैं बाइपोलर हूं

एक्ट्रेस निशा रावल इस वक्त कंगना रनोट के रियलिटी शो 'लॉक-अप' में हैं। शो के बीते एपिसोड में कंटेस्टेंट को मेंटल हैल्थ और अवेयरनेस पर बात करनी थी। शो में निशा ने माना कि वो बाइपोलर डिसऑर्डर से जूझ रही हैं। निशा ने इस बारे में बात करते हुए कहा, तो अब मैं अपनी जर्नी के बारे में बताने जा रही हूं। मैं बाइपोलर हूं। मेरे यह कहते ही लोग भौंहें चढ़ा लेते और कहते थे बाइपोलर, पागल है क्या ये। सबसे बुरा तो तब हुआ जब मेरी बाइपोलरिटी को बचने के लिए बहाने की तरह इस्तेमाल किया गया कि वो तो बाइपोलर है, पागल है इसलिए उसने खुद के साथ ऐसा किया। जब मैंने बच्चा खो दिया था तब मुझे रोने तक नहीं दिया गया। तब मैं डॉक्टर के पास गई इसके बावजूद कि मेरे पार्टनर ने मेरा सपोर्ट नहीं किया। मैं डॉक्टर से मिली उनसे बात की और तब मुझे पता चला कि मैं उस समय बाइपोलर फेज से गुजर रही थी।

### माधुरी दीक्षित ने किया भारती के बेबी बंप पर किस

रियालिटी शो 'हुनरबाज' में माधुरी दीक्षित स्पेशल गेस्ट के रूप में नजर आईं। शो में एक परफॉर्मेंस देखने के बाद उन्होंने कंटेस्टेंट्स पर पैसे न्यौछावर किए और कहा कि उन्हें किसी की नजर ना लगे। हालांकि तभी माधुरी दीक्षित का ध्यान होस्ट भारती सिंह पर गया। उन्होंने भारती के बेबी बंप पर किस किया और कहा, आपको किसी की नजर ना लगे। यह देख भारती ने माधुरी से कहा, आप कितनी स्वीट हैं।

### इंडियाज गॉट टैलेंट में बना वर्ल्ड रिकॉर्ड

इंडियाज गॉट टैलेंट के मेकर्स ने हाल ही में शो का एक प्रोमो शेयर किया, जिसमें दो कंटेस्टेंट्स बैड सालसा डांस फॉर्म करते दिखाई दिए। दोनों ने ट्रेडिशनल आउटफटि में सालसा डांस परफॉर्म किया और वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। वीडियो में देखा जा सकता है कि शिल्पा खुशी से कहती हैं, इंडियाज गॉट टैलेंट में यह रिकॉर्ड बन गया है। वहीं यह देख माधुरी दीक्षित भी खुशी से झूमती दिखीं।

# अक्षय कुमार की 'बच्चन पांडे' पर इंडस्ट्री की नजर, एक्सपर्ट बोले-बॉलीवुड के अच्छे दिन शुरू



बॉक्स ऑफिस पर आलिया भट्ट-स्टारर 'गंगूबाई काठियावाड़ी' की सफलता ने फिल्म इंडस्ट्री और ट्रेड मेंबर्स की उम्मीदें बड़ा दी हैं। 4 मार्च से, महाराष्ट्र के 14 शहरों और जिलों के सिनेमाघरों को 100 प्रतिशत ऑक्यूपेंसी के साथ ऑपरेट करने की अनुमति मिल गई है। वहीं अब तक केरला, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, गुजरात आदि जैसे कई राज्यों में सिनेमाघरों को 100 प्रतिशत ऑक्यूपेंसी की परमिशन भी मिल चुकी है। सरकार के इस फैसले के बाद इंडस्ट्री को उम्मीद है कि इस महीने में ही फिल्मी व्यापार कई गुना बढ़ जाएगा।

बता दें, इस महीने की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक है अक्षय कुमार स्टारर 'बच्चन पांडे' जो 18 मार्च को रिलीज होगी। प्रोड्यूसर और फिल्म बिजनेस एक्सपर्ट गिरीश जोहर अक्षय कुमार की ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर तगड़ी कमाई करने का दावा कर रहे है।

### अक्षय की फिल्में सोने पर सुहागा की तरह हैं: गिरीश जोहर

गिरीश कहते है, इस बात में कोई दोराए नहीं हैं कि अक्षय कुमार की फिल्म बॉक्स ऑफिस कलेक्शन पर जलवा बिखरने में पूरी तरह से काबिल हैं। पिछले कुछ साल के रिकाड्र्स इस बात को साबित करते हैं। इस बार भी इंडस्ट्री को उनकी फिल्म से बहुत उम्मीद है। काफी महीनों बाद, थिएटर में 100 प्रतिशत ऑक्यूपेंसी के साथ ऑडियंस फिल्म देखेंगी। बच्चन पांडे हार्डकोर कमर्शियल एंटरटेनिंग फिल्म है जिसका इंतजार हिंदी ऑडियंस काफी वक्त से कर रही है। मुझे यकीन हैं की बॉक्स ऑफिस पर ये अपने पहले ही दिन से जलवा बिखेरने में कामयाब रहेंगी। आम तौर पर इस तरह की कमर्शियल फिल्मों की शुरुआत अच्छी होती है और अक्षय की फिल्म सोने पर सुहागा की तरह है।

### 'बच्चन पांडे' रिलीज के अगले हफ्ते ही 'आरआरआर' रिलीज होंगी। तो क्या कोई असर होगा?

इस पर गिरीश कहते है, आरआरआर बहुत बड़े स्तर पर बनाई गई है, जाहिर है इतना पैसा लगा है तो वे स्क्रीन पर ज्यादा वक्त तक टिकने की पूरी कोशिश में है ताकि वे अपने पैसे को रिकवर कर पाएं। अब जब सिनेमा का ऑक्यूपेंसी लेवल बढ़ गया है तो मुझे नहीं लगता इसका बच्चन पांडे पर असर पड़ेगा। ऑडियंस दोनों फिल्में देखना चाहेंगी, हर वीकेंड पर उन्हें फ्रेश कंटेंट स्क्रीन पर देखने मिलेगा।

### अब बॉलीवुड के अच्छे दिन शुरू हो गए हैं: ट्रेड एनालिस्ट गिरीश वानखेड़े

ट्रेड एनालिस्ट गिरीश वानखेड़े की माने तो बॉलीवुड के अच्छे दिन शुरू हो गए हैं। हमसे बातचीत के दौरान, वे कहते है, गंगूबाई काठियावाड़ी और झुंड के रिस्पांस के बाद, हमारी उम्मीद बढ़ गई हैं। बच्चन पांडे इन दोनों फिल्म से बड़ी है।

ये ऐसी फिल्म है जिसे सिंगल स्क्रीन, मल्टीप्लेक्स के ऑडियंस देखने के लिए तरसती है। मुझे यकीन है कि अक्षय कुमार की ये फिल्म पहले दिन में ही 20 करोड़ रूपए कमा लेगी। अपने पहले हफ्ते में ही 100-150 करोड़ के आंकड़े तक पहुंचने में कामयाब रहेगी। वहीं उसके अगले हफ्ते आरआरआर पैन इंडिया रिलीज होगी। अब बॉलीवुड के अच्छे दिन शुरू हो गए हैं।

# निर्माता निर्देशक लेखक उदय कृष्ण की छत्तीसगढ़ी फिल्म बाजीगर का हुआ मुहूर्त



साईं कृष्णा फिल्म्स बिलासपुर के बैनर तले अपकमिंग छत्तीसगढ़ी फिल्म बाजीगर का मुहूर्त प्रियदर्शनीय नगर में आज छत्तीसगढ़ी फिल्म बाजीगर का मुहूर्त होटल IVY में मोहन सुंदरानी, सतीश जैन, मनोज वर्मा,डॉ. अजय सहाय सुनील साहू अलोक मिश्रा डॉ सांतनु पाटनवार के आतिथ्य में रंगारंग आयोजन में सम्पन हुआ । निर्माता निदेशक लेखक फिल्म कुरुछेत्र फेम उदय कृष्ण ने बताया कि बाजीगर के सह—निर्माता विनय कृष्ण शुभम मौर्या होंगे। जबकि लाइन प्रोडूसर की जिम्मेदारी राज सोनी और सुनील साहू को दी गई है। साथ ही बाजीगर के मुख्य कलाकार नायक मन कुरैशी नायिका अनिकृति चौहान वहीं विलेन की भूमिका क्रांति दीक्षित अजय पटेल की भूमिका होगी। सह अभिनेत्री मनीषा वर्मा,चरित्र अभिनेता में धर्मेन्द्र चौबे, आलोक मिश्रा, अनिल सिन्हा। म्यूजिक रवि पटेल का होगा कर्णप्रिय गानो में आवाज होगी सुनील सोनी ऋषभ सिंह, कैमरे में कमाल दिखायेंगे तोरण राजपूत फिल्म में सह निर्देशक शशांक द्विवेदी, अनुपमा मनहर अवं कुरुछेत्र.के एडीकी पुरी टीम, कोरियोग्राफी बाबा बघेल की होगी। फिल्म की शूटिंग अप्रैल के अंतिम सप्ताह से शुरू होगी। मुहूर्त अवसर पर छत्तीगढ़ी फिल्मो से दिगज कलाकार एवं पत्रकार भी मौजूद रहे।

# मालगुड़ी डेज से लेकर शक्तिमान तक, इन ओटीटी प्लेटफॉर्म पर देख सकेंगे 90 के दशक के मशहूर सीरियल्स

**90 के दशक में टेलीविजन पर प्रसारित होने वाले सीरियल्स को देखने का अपना ही एक मजा था। 90 के दौर में आने वाले इन टीवी शोज को दर्शक बड़े चाव से देखा करते थे। यही वजह है कि इन टीवी सीरियल्स की पॉपुलैरिटी को देखते हुए अब 90 के दशक के कई मशहूर टीवी सीरियल ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी उपलब्ध कराए जा चुके हैं।**




### मालगुडी डेज

आर के नारायण की कहानियों पर आधारित शो मालगुडी डेज 90 के दशक के लोकप्रिय टीवी सीरियल्स में से एक रहा है। इस धारावाहिक के जरिए रोचक कहानियों के नाट्य रूपांतरण 39 एपिसोड के रूप में दिखाए गए थे। मालगुडी डेज देखने के शौकीन दर्शक इसे अमेजॉन प्राइम वीडियो और डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर देख सकते हैं।

### फौजी

बॉलीवुड में अपनी एक अलग पहचान बनाने वाले अभिनेता शाहरुख खान ने साल 1989 टीवी के मशहूर सीरियल फौजी से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी। हालांकि उस समय शाहरुख खान को कोई भी नहीं जानता था। अगर आप भी शाहरुख के इस सीरियल को फिर से देखना चाहते हैं तो यह सीरियल इरोज नाउ और अमेजॉन प्राइम वीडियो पर उपलब्ध है।

### शक्तिमान

मशहूर टीवी अभिनेता मुकेश खन्ना स्टारर शक्तिमान 90 के दशक के सभी बच्चों का खासा लोकप्रिय शो रहा है। बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देता यह शो बच्चों को कई नैतिक मूल्यों से रूबरू कराता था। अगर आप आज भी इस सीरियल को देखने के शौकीन हैं तो इसे अमेजॉन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

### शाका लाका बूम बूम

डीडी नेशनल पर शुरू हुए जादुई शो शाका लाका बूम बूम को उस दौर के बच्चों से बेहद प्यार मिला था। बाद में यह सीरियल स्टार प्लस पर प्रसारित किया जाने लगा था। शो की कहानी संजू नाम के एक बच्चे पर आधारित थी, जिसके पास एक जादुई पेंसिल थी, जिससे वह अपनी इच्छाएं पूरी करता था। अगर आप इस शो की अपनी पुरानी यादें ताजा करना चाहते हैं तो इसे डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर देख सकते हैं।

### श्री कृष्णा

90 के दौर में पौराणिक धारावाहिकों का भी काफी चलन था। इसी क्रम में साल 1993 में मशहूर धार्मिक सीरियल कृष्णा भी प्रसारित किया जाता था। रामानंद सागर द्वारा निर्मित यह सीरियल भगवान श्री कृष्ण की बाल लीला से लेकर महाभारत युद्ध तक की संपूर्ण कहानी पर आधारित था। दर्शक इस सीरियल को ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर देख सकते हैं।

# किरदारों के साथ घूमता कैमरा बनाए रखता है रोमांच



**फिल्म लव दीवाना के साथ एक्शन स्टार के रूप अपनी फिल्मी पारी की शुरूआत करने वाले दिलेश साहू पिछली फिल्म मोर जोड़ीदार-2 में रोमांटिक किरदार में नजर आए थे, जिसे दर्शकों ने खूब पसंद किया था। वहीं आज रिलीज हुई फिल्म मैं दिया तैं मोर बाती में दिलेश ने कुछ हटकर ही रोल किया है। इसलिए आप ये फिल्म एक बार जरूर देखिए। क्योंकि बेहतरीन अभिनय और तेजी से बदलते घटनाक्रमों का रोमांच आपको बांधकर जरूर रखेगा।**



और हां, इस फिल्म की एक सबसे बड़ी खासियत के बारे में आपको बताना तो जरूर चाहेंगे। इस फिल्म में छॉलीवुड के तमाम बड़े कलाकारों ने एकदम नया रोल निभाया है खासकर, रजनीश झांझी, उर्वशी साहू और निशांत उपाध्याय ने। एक बार तो आप इन्हें परदे पर देखकर यकीन ही नहीं कर पाएंगे और आपके बाजू में बैठा शख्स आपको बताएगा तो आपके मुंह से बस यही निकलेगा- अरे वाह! ये तो हुई वो बातें, जिन्हें हमने थियेटर में बैठकर फिल्म देखते हुए महसूस किया। तो चलिए हम आगे बढ़ते हैं मैं दिया तैं मोर बाती फिल्म की ओर, जो आपको शुरूआत से अंत तक कुर्सी पर चिपके रहने को मजबूर कर देगा। फिल्म की कहानी और निर्देशन में अभिषेक सिंह एकदम फिट रहे हैं। फिल्म शुरू होती है शिवा (दिलेश साहू), गौरी (अनिकृति चौहान) और उसके दोस्तों की कॉलेज लाइफ से। जहां कॉलेज की मस्ती और हंसी-ठिठौली करते उनकी अपनी एक अलग ही दुनिया होती है। इसके बाद सारे दोस्त शिवा के गांव जाने का प्लान करते हैं और फिल्म इंटरवेल तक खिंच जाती है। और असली कहानी इंटरवेल के बाद शुरू होती है? बाकी क्या और कैसे होता है, जो एक हंसती खेलती गौरी बेजान हो जाती है और शिवा मजबूरज्ये सब जानने आपको अपने नजदीकी सिनेमाघर में जरूर जाना होगा।

# सारेगामापा: शो के इस सीजन की विजेता बनीं नीलांजना रे, चमचमाती ट्रॉफी के साथ मिला 10 लाख का चेक




मशहूर सिंगिंग रियलिटी शो सारेगामापा का सुरीला सफर खत्म हो चुका है। शो के सीजन के विनर का नाम घोषित कर दिया गया है। अशो के ग्रैंड फिनाले में पश्चिम बंगाल की नीलांजना सबसे ज्यादा वोट के साथ विजेता बन गई हैं। शो की विजेता बनीं नीलांजना को एक चमचमाती ट्रॉफी और 10 लाख रुपये का चेक भी दिया गया। वहीं, राजश्री बाग और शरद शर्मा इस सीजन के प्रथम और द्वितीय रनर अप रहे।

फर्स्ट रनरअप रहीं राजश्री को मेकर्स की तरफ से पांच लाख रुपये दिए गए तो वहीं शरद शर्मा को तीन लाख रुपये का पुरस्कार दिया गया। शो की विजेता बनीं नीलांजना ने कहा कि वह सारेगामापा 2021 जीतकर बेहद खुश हैं। इस सफर के दौरान दर्शकों से मिले प्यार और सराहना के लिए वह बहुत आभारी हैं। उन्होंने कहा कि मेरे लिए यह एक ऐसा क्षण, जिसे वह कभी भुला नहीं सकतीं। नीलांजना ने आगे कहा कि इस सफर के दौरान मुझे हमारे जज और मेंटर से बहुत कुछ सीखने को मिला। साथ ही शो के दौरान सभी ज्यूरी सदस्यों से जो फीडबैक मिला, वह काफी प्रेरणादायक रहा। लेकिन इन सबसे बढ़कर मैं उन सभी अनमोल पलों को हमेशा संभाल कर रखूंगी, जो मैंने यहां पर बिताए। इस शो पर हर कोई मेरे लिए एक परिवार के सदस्य की तरह रहा। मुझे यह अवसर देने के लिए मैं जी टीवी का धन्यवाद करना चाहूंगी।

शो के ग्रैंड फिनाले की बात करें तो रविवार को प्रसारित हुए ग्रैंड फिनाले एपिसोड में नीलांजना, राजश्री और शरद ने अपनी शानदार परफॉर्मेंस से जनता का मन जीत लिया। तीनों फाइनलिस्ट के अलावा सारेगामापा ग्रैंड फिनाले में शो के अन्य प्रतिभागियों ने भी अपनी बेहतरीन परफॉर्मेंस दी। शो के सीजन में टॉप 6 फाइनलिस्ट में जिन सदस्यों में अपनी जगह बनाई उनमें नीलांजना रे, शरद शर्मा, राजश्री बाग, संजना भट्ट, अनन्या चक्रवर्ती और स्निग्धजीत भौमिक शामिल थे।

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- 9303289950, 9827806026, 8962815243




Hotel Shiv Prabha Inn.
& Town King
The Family Restaurant
46-C Market, Near Sapana Talkies & Hotel Apana Keshari Lodge, Power House, Bhilai, Distt.-Durg (C.G.)
9893215251, 8966981590
Email.: ranjanaguptakeshari@gmail.com




मोमोस नास्ता सेंटर...
थापा शुद्ध मोमोस सेंटर

| | फुल | हाफ |
|---|---|---|
| वेज मोमोस | 40/- | 20/- |
| मनचुरियन मोमोस | 50/- | 30/- |
| पनीर मोमोस | 60/- | 30/- |

मोमोस-10, 20 और 30 रु. का भी मिलता है। शुद्ध बिना ऑयल का बना
मो.-9977690915, 7898349602
सर्कुलर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई




प्रमोद इंटरप्राइज़ेस
गेंहू, चांवल एवं दाल के थोक विक्रेता
लिंक रोड, केम्प-2, भिलाई-दुर्ग
फोन: 0788-2225449, 93290-13017

## खास खबर

### समाज के पदाधिकारियों की मांग पर संसदीय सचिव ने की घोषणा

**महासमुन्द।** संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने गाड़ा समाज के भवन निर्माण के लिए तीन लाख रूपए की राशि देने की घोषणा की है। गाड़ा समाज के पदाधिकारियों ने राजेंद्र खरे के नेतृत्व में संसदीय सचिव निवास पहुंचकर संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर से मुलाकात की। इस दौरान पदाधिकारियों ने बताया कि गाड़ा समाज पटेवा परिक्षेत्र में तीस ग्राम आते हैं। जहां समाज का एक भी सामुदायिक भवन नहीं है।

# महिलाएं अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर आगे बढ़ रही है - अनिला भेड़िया

श्रीकंचनपथ न्यूज



**महासमुंद।** महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती अनिला भेड़िया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सह जिला जागृति शिविर के अवसर पर आज यहां शंकराचार्य सांस्कृतिक भवन में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने तीन दिव्यांग महिलाओं सुश्री सरोज यादव, लता यादव और पद्मावती सोनमणी को मोटराईज्ड ट्रायसायकल (बैटरी चलित) प्रदाय की। मंत्री के हाथों मोटराइज्ड ट्राई साइकिल पाकर खुश हुई और उनका आभार जताया।

यह मोटराइज्ड ट्राई साइकिल समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रदान की गई है। कार्यक्रम महिला बाल विकास एवं समाज कल्याण के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ फॉर्चून फाउंडेशन बागबाहरा के नेत्रहीन बच्चों द्वारा राजकीय गीत अरपा पैरी गायन के साथ शुरू हुआ।

समाज कल्याण की ओर से राष्ट्रीय परिवार सहायता के तहत 20 महिलाओं को 20-20 हजार रुपए के कुल 4 लाख रुपए के चेक सौंपे गए। वहीं 25 महिला समूहों को महिला कोष ऋण में 20-20 हजार की कुल 5 लाख की राशि के चेक दिए गए।

मंत्री श्रीमती अनिला भेड़िया द्वारा इस प्रकार दोनों योजना के तहत कुल 9 लाख रुपए की राशि के चेक वितरण किए। उत्कृष्ट कार्य करने वाली 10 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं पर्यवेक्षक को भी प्रशस्ति पत्र दिए गए। उप संचालक समाज कल्याण श्रीमती संगीता सिंह सहित 5 विभागीय महिला कर्मचारियों को दिव्यांगजनों कलेक्टर श्री निलेशकुमार क्षीरसागर ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और महिला अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई देते हुए अंतर्राट्रीय महिला दिवस के बारे में बताया।

इस अवसर पर संसदीय सचिव एवं विधायक विनोद चंद्राकर, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती उषा पटेल, जनपद अध्यक्ष यतेन्द्र साहू, राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती अनिता रावटे, संगठन पदाधिकारी श्रीमती रश्मि चंद्राकर, पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला सहित जनप्रतिनिधिगण, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और स्व सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित थी। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिला भेड़िया ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई देते हुए कहा प्रदेश की महिलाएं अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन भी कर रही है और आगे भी बढ़ रही है। महिलाएं खेती किसानी से लेकर आसमानी रास्तों में (हवाई जहाज) उड़ाकर देश की सेवा कर रही है। आज की महिलाएं हर क्षेत्र में कामयाब हो रही है। राज्य सरकार महिलाओं के लिए हितग्राही मूलक योजनाएं संचालित कर रही है। हाल ही में राज्य सरकार द्वारा श्रमिक परिवार की बेटियों की शिक्षा, रोजगार, स्वरोजगार तथा विवाह में सहायता के लिए मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण योजना संचालित की है। इस योजना के माध्यम से पात्र पंजीकृत हितग्राहियों की प्रथम दो पुत्रियों की बैंक खातें में एकमुश्त राशि का भुगतान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ कौशल्या मातृत्व योजना का भी शुभारंभ किया गया है।

इस योजना के तहत राज्य में जन्म लेने वाली बालिकाओं की अच्छे भविष्य के लिए व उनके माता-पिता को प्रोत्साहित करने के लिए 5 हजार रुपए की राशि दी जाने की व्यवस्था है।

मंत्री श्रीमती भेड़िया ने कहा कि राज्य के प्रत्येक जिले में पीड़ित महिलाओं की सुरक्षा के लिए सखी वन स्टॉप सेंटर भी कुशलता पूर्वक संचालित किए जा रहे है।

### बाजार चारभाठा पुलिस चौकी, ग्राम टाटीकसा व श्री मानव सेवा फाउंडेशन ने किया विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन

# 'नर सेवा ही नारायण सेवा' को किया चरितार्थ, ग्रामीणों में रक्तदान को लेकर रहा उत्साह

श्रीकंचनपथ न्यूज





कबीरधाम। कबीरधाम पुलिस बेहतरीन पुलिसिंग के साथ-साथ समाज में लोगों को कई तरह से जागरूक करने मुहिम चलाती है। वहीं, आज स. लोहारा ब्लॉक व चौकी बाजार चारभाटा के अंतर्गत ग्राम टाटीकसा में पुलिस, ग्रामीणों व श्री मानव सेवा फाउंडेशन के तत्वधान में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

बता दे कि शिविर आज रविवार को ग्राम पंचायत भवन में रखा गया, जहां जिला पुलिस कप्तान डॉ. लाल उमेद सिह व डीएसपी संजय धुर्वे शिविर स्थल पहुँचे। सरपंच प्रतिनिधि गोपाल द्विवेदी द्वारा समस्त ग्रामवासियों की तरफ से पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।

एसपी डॉ. लाल उमेद सिह ने शिविर स्थल का निरीक्षण कर मित्तल ब्लड बैंक के कर्मचारियों से मिल रक्त को किस तरह स्टोरेज कर और कैसे रख रखाव किया जाना है उसे लेकर चर्चा की। वहीं रक्त दाताओ, पुलिस जवान व युवाओं से मिलकर उन्हें नेक कार्य करने के लिए बधाई देते हुए प्रस्तिपत्र दिया और कहा इस तरह के आयोजन शहरों में देखने व सुनने मिलता पर आज यह गांवों में भी रक्त दान का आयोजन होना बहुत ही सराहनीय कार्य है, जिसके लिए ग्रामीणों व चौकी चारभाटा प्रभारी नवरत्न कश्यप व श्री मानव सेवा फाउंडेशन टीम को इस आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी। कवर्धा सिटी कोतवाली थाना प्रभारी कपिल देव चन्द्रा शिविर में रक्तदान करने पहुंचे, जिनका स्वागत ग्रामीणों ने किया।

उन्होंने कहा कि पंचायत भवन में श्री मानव सेवा फाउंडेशन छत्तीसगढ़ व चौकी प्रभारी नवरत्न कश्यप व टाटिकसा के ग्रामीणों ने रक्त दान शिविर का आयोजन किया, जिसमें पुलिस बल के ही साथ साथ ग्रामवासी अधिक से अधिक संख्या में रक्त दान शिविर में पहुंच रक्त दान किया जा रहा है, जो मानव सेवा में बड़ी योगदान है। रक्त दान करने से डरना नही चाहिए। रक्तदान करने वाले पुलिस जवान में बिसेन छेदावी, अमन वाहने, ललित मंडावी। साथ ही ग्रामीण में तिलक सेन, संतोष तिवारी, अरुण साहू, सुदर्शन साहू, गंगासागर साहू, राजेन्द्र साहू, संजय राजपूत, सूरज साहू, टिकेश्वर यादव, जयंत साहू, इंद्रजीत साहू, सुनील मंडावी सन्तोष नेताम, मनीष साहू, शुभम साहू, पोषण राजपूत ने रक्तदान कर प्रशस्तिपत्र प्राप्त किया।

श्री मानव सेवा फाउंडेशन के प्रदेश सचिव कीर्ति कुमार परमानंद ने एसपी डॉ लाल उमेद सिंह व डीएसपी संजय ध्रुव को स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया व संस्था के द्वारा किये जा रहे कार्यो से अवगत करवाया जिस पर एसपी डॉ लाल उमेद सिंह व डीएसपी संजय ध्रुव ने शुभकामनाएं दी।

### 'नर सेवा ही नारायण सेवा' को किया चरितार्थ -

जबसे चौकी चारभाटा प्रभारी नवरत्न कश्यप ने क्षेत्र में पुलिसिंग कमान संभाली है। तब से वह अपनी टीम के साथ समय-समय पर ग्रामीणों से रुबरु होकर जागरूकता कार्यक्रम के साथ-साथ लोगों की मदद भी करते रहते है। आज ग्राम टाटिकसा में विशाल रक्त दान शिविर का आयोजन कर 'नर सेवा ही नारायण सेवा' को चरितार्थ किया व खुद उन्होंने रक्त दान किया।

### मेडिकल चेकअप की व्यवस्था के साथ-साथ स्वल्पाहार

वही शिविर में ग्रामीणों ने अपना रक्तदान के साथ साथ प्राथमिक स्वास्थ परीक्षण भी कराया, जिसमें वेट, बीपी, सुगर जांच कराया गया। वही रक्तदाताओं ने भारी उत्साह के साथ रक्तदान दिया व लोगों से भी रक्तदान की अपील की। यही नही पुलिस द्वारा सभी के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई थी।

# किसान-मजदूरों की बेटी को डॉक्टर बनाने वाले युवोदय अकादमी के शिक्षकों को किया सम्मानित

श्रीकंचनपथ न्यूज



रायपुर। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने आज युवोदय अकादमी के शिक्षकों को सम्मानित किया। उन्होंने इस दौरान युवोदय अकादमी के कार्यों के संबंध में विस्तार से जानकारी भी ली। कलेक्टर रजत बंसल ने राज्यपाल सुश्री उइके को बताया कि नीट जैसी कठिन परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को कोरोना के कारण आई समस्या को दूर करने के लिए युवोदय एकेडमी की स्थापना करते हुए शासकीय शिक्षकों के माध्यम से तैयारी को निर्बाध रखा गया।

राज्यपाल सुश्री उइके ने बच्चों की शिक्षा को जारी रखने के लिए की गई इस पहल की सराहना की। बच्चों को कोचिंग देने वाले शिक्षक श्री अलेक्जेंडर एम. चेरियन, श्री निवास राव, श्री मनीष श्रीवास्तव एवं संजीव बिस्वास को उनके उत्कृष्ट कार्य हेतु आज राज्यपाल सुश्री उइके ने सम्मानित किया।

उल्लेखनीय है कि युवोदय अकादमी से कोचिंग लेकर नीट परीक्षा क्वालीफाई कर 32 विद्यार्थियों ने बस्तर का नाम रोशन किया है। कुछ बच्चों ने नर्सिंग, फार्मेसी, वेटेनरी की परीक्षाओं में भी सफलता प्राप्त की है। यूवोदय अकादमी सरकारी शिक्षकों द्वारा संचालित राज्य ही नहीं देश का पहला नवाचार है। युवोदय अकादमी द्वारा बनाए गए नोट्स एवं वीडियो पूरे देश में देखा जा रहा है और पसंद किया जा रहा है।

इस अवसर पर बस्तर संभाग कमिश्नर श्याम धावड़े, आईजी पी सुंदरराज, कलेक्टर रजत बंसल, एसपी जितेंद्र मीणा, अपर कलेक्टर अरविंद इक्का, एसडीएम श्री दिनेश नाग एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## नाम परिवर्तन

मैं शपथकर्ता श्रीमती श्रीरंगम शारदा पति श्री श्रीरंगम श्रीनिवास, उम्र 42 वर्ष, निवासी सप्तगिरी, प्लाट नं. 02, फेस-02, मैत्रीकुंज, रिसाली भिलाई, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग. की रहने वाली हूं। जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक प्रस्तुत करती हूं कि मेरे नाम से पेन कार्ड जारी हुआ है जिसमें मेरा नाम श्रीमती श्रीरंगम शारदा (Smt. Srirangam Sharada) दर्ज है। और मेरे नाम से पासपोर्ट जारी हुआ है जिसका क्रमांक J7139276 है, जिसमें मेरा नाम Smt. Srirangam Sharada Srinivas दर्ज है जो कि दिनांक 18/11/2021 तक वैध था। मेरे नाम से जारी पासपोर्ट पर जिसमें मेरा नाम Smt. Srirangam Sharada Srinivas दर्ज है उसके स्थान पर मेरा नाम श्रीमती श्रीरंगम शारदा (Smt. Srirangam Sharada) दर्ज करवाना चाहती हूं। अतः मैं अपने नाम से नया पासपोर्ट जारी करवाना चाहती हूं जिसमें मेरा नाम श्रीमती श्रीरंगम शारदा (Smt. Srirangam Sharada) पति श्री श्रीरंगम श्रीनिवास दर्ज किया जाये। उपरोक्त कथन की सत्यता के प्रमाण में शपथ पत्र सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत है।

**शपथकर्ता**
**श्रीमती श्रीरंगम शारदा पति श्री श्रीरंगम श्रीनिवास, उम्र 42 वर्ष, निवासी सप्तगिरी, प्लाट नं. 02, फेस-02, मैत्रीकुंज, रिसाली भिलाई, तहसील व जिला दुर्ग ( छ.ग. )**

## सप्ताहिक बाजार में लगाई गई सूचना शिविर सह छायाचित्र प्रदर्शनी

**सूरजपुर।** जिले के सूरजपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत बसदेई के सप्ताहिक हॉट-बाजार में आज रविवार को छाया प्रदर्शनी सह सूचना शिविर का आयोजन किया गया। हाट-बाजार करने आए ग्रामीण महिलाओं और पुरुषों तथा बच्चों ने जनसंपर्क विभाग द्वारा लगाई गई राज्य सरकार की उपलब्धियों पर आधारित फ़ोटो प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस प्रदर्शनी शिविर में ग्रामीणों को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में विभिन्न विभागों के माध्यम से चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी गई।

Luxurious Spa
SALON & SPA
Spa, Salon
Skin, Sliming
50% OFF
Call
0788-4049144
98930-20144
2nd Floor,
Above kavya Showroom,
Bside Hotel The Floret,
G.E. Road, Bhilai

प्रवेश प्रारंभ
शिक्षक कल्याण शिक्षण समिति द्वारा संचालित
पंजीयन क्रमांक - 441
विद्या ददाति विनयम
महारानी लक्ष्मी बाई विद्यालय
बजरंग चौक, राम नगर, भिलाई
छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
संचालित कक्षा - नर्सरी से कक्षा 12वी तक
प्रवेश प्रारंभ 1 फरवरी 2022 से
शाला की विशेषताएँ -
न्युनतम मासिक शुल्क।
सर्वसुविधा युक्त शाला भवन।
प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा अध्यापन।
सभी कमरो में सी.सी.टी.वी. कैमरों की व्यवस्था।
समय-समय पर शैक्षणिक भ्रमण।
मेघावी छात्रों का सम्मान।
बच्चों का सर्वांगीण विकास हेतु निबंध, चित्रकला, हस्तकला, वाद-विवाद आदि की प्रतियोगिता।
अधिक विद्यार्थी होने पर वर्ग विभाजन।
प्रवेश प्रारंभ नर्सरी से 12वी तक
हिन्दी माध्यम नर्सरी से कक्षा बारहवी तक
अंग्रेजी माध्यम Nursery to Class 8th
संपर्क - महारानी लक्ष्मी बाई विद्यालय
बजरंग चौक, राम नगर मुक्तिधाम, भिलाई
समय-प्रात : 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक
मो. नं. - 9993374974, 8817101734

GREEN COMPUTER
Sales, Services, Repairs
Laptop Repairing
Printer
Desktop
7/2, Dakshin Gangotri, Supela, Bhilai
0788-4083385

मथुरावासी चाट सेंटर
शादी एवं पार्टियों के आर्डर लिए जाते हैं।
9893283525
जैन पान ठेला के सामने आकाश गंगा सुपेला

YOGESH COMPUTER
Sale & Service
All Computer Peripherals & Repairing
Yogesh Sirame
Mo.9893342971
7748004280
Hardware, CCTV Camera, Networking, Software
Azad Chowk, Muktidham Raod, Ramnagar, Supela, Bhilai
e-mail: sirameyogesh@gmail.com

CAR DECOR
House Of Exclusive
Seat Cover,
Car Stereos Matting &
Sun Control Film &
Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower.
Opp. Indian Coffee House,
Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

बीकानेर स्वीट्स
आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई

Y Fitness
Gym Servicing
Gym Equipment & Accessories Available
Home Treadmill & Gym Service Available
start 17500/-
Bajaj Finance Available
Shop No. 90, Akashganga Complex, Supela, Bhilai, pin Code - 490023
Opposite To Khadim Showroom
Facebook id - Protein Planet Bhilai
9098981555

पलंग, सोफा सेट, अलमिरा, ड्रेसिंग टेबल, डायनिंग टेबल, कम्प्यूटर टेबल, रिवालविंग चेयर, इत्यादि
हीरा फर्निचर
शॉप - ए-48/2, दक्षिण गंगोत्री, सुपेला चौक, भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
7489961928
7587427070

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

ॐ SAIRAM
Mobile Accessories
कवर ही कवर
I-PHone,Samsung, MI, Oppo, Vivo, Nokia, HTC, Blue tooth Charger, Power Bank, Ear Phone, BT. Speakar
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

GAYATRI COMMUNICATION
Mobile Repearing (Hardware & Software)
oppo Camera Phone vivo
150, Akash Ganga, Supela, Bhilai
9302832721, 9907960087

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर, अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics
Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers,
Akash Ganga,
Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959911
Rishabh Jain 8103831329

## खास-खबर

### शहर से लगी 11 एकड़ सरकारी जमीन के दस्तावेज में हेराफेरी करने वाला गिरफ्तार

**बिलासपुर (ए)।** चिल्हाटी स्थित 11 एकड़ 20 डिसमिल सरकारी जमीन को दस्तावेज में कांटछाट कर अपने नाम पर कराने की कोशिश करने वाले को सरकंडा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामले में तत्कालीन तहसीलदार ने 2015-16 में शिकायत की थी। तहसीलदार की शिकायत की जांच के बाद पुलिस ने छह साल जांच के बाद जुर्म दर्ज किया है। तोरवा क्षेत्र के हेमूनगर में रहने वाले भोंदूदास मानिकपुरी ने 2015-16 में तहसीलदार के न्यायालय में अपनी जमीन के दस्तावेज में नाम सुधरवाने के लिए आवेदन किया था।

अपने आवेदन में भोंदूदास ने बताया कि उसने 13 जून 1963 को वासला बी. निवासी जूना बिलासपुर से जमीन को रजिस्ट्रड विक्रय पत्र के माध्यम से खरीदा था। इसके बाद से जमीन उसके नाम पर चला आ रहा है। बीते दिनों ने राजस्व दस्तावेज से उसका नाम विलोपित हो गया है। उसने अपने आवेदन के साथ पंजीकृत विक्रय पत्र की सत्यप्रतिलिपि, मुख्य प्रतिलिपिकार जिला कार्यालय बिलासपुर से खसरा पांचसाला वर्ष 1982-83 की सत्यप्रतिलिपि, अधिकार अभिलेख वर्ष 1954-55, कलेक्टर के आदेश की प्रति, तहसीलदार के आदेश के प्रति, 1992-93 के दस्तावेज की सत्यापित प्रतिलिपि भी संलग्न की थी। दस्तावेज में सुधार के लिए आवेदन मिलने पर तहसीलदार कार्यालय में कार्रवाई शुरू कर दी गई।

### गगनई डेम में डूबने से कालेज के छात्र की मौत

**बिलासपुर (ए)।** मरवाही थाना के 17 किलोमीटर दूर साल्हेकोटा के पास स्थित गगनई बांध में स्वजन के साथ पिकनिक में गए युवक की डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव को स्वजन को सौंप दिया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मरवाही निवासी मोहम्मद कैफ पिता मोहम्मद रफीक (18) डॉ. भंवर सिंह पोर्ते महाविद्यालय मरवाही में प्रथम वर्ष का छात्र था। मोहम्मद कैफ अपनी मां के साथ मरवाही की छोटी मस्जिद के पास रहने वाली अपनी बहन के पास पांच दिन पहले गया था।

शनिवार को अपनी दोनों बहन, दोनों बहनोई के साथ बांध के पास वन विभाग के द्वारा बनाए गए नेचर कैंप में घूमने के लिए गया हुआ था। वन विभाग के द्वारा बोटिंग के लिए वहां पर नाव रखा गया है, जो रस्सी से बंधा हुआ था। घटना के समय नाव में दो लोग थे। एकाएक रस्सी ढीली होकर छूट गई। इसके कारण नाव बांध में गहराई की ओर जाने लगा। कुछ दूर चलने पर नाव का संतुलन बिगड़ गया और उसके सवार लोग गिर गए। पानी अधिक होने के कारण मोहम्मद कैफ तैर नहीं पाया। आसपास मौजूद लोगों की मदद से उसे बांध से निकालकर उपचार के लिए पेंड्रा ले जाया जा रहा था। रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

### शहर में पिस्टल लेकर घूम रहा लूट का आरोपी पकड़ाया

**बिलासपुर (ए)।** लूट के मामले में जेल से जमानत पर छूटे आरोपित के कब्जे से पुलिस ने बंदूक और एयरगन जब्त किया है। पूछताछ में उसने बताया कि रेलवे स्टेशन से बीते दिनों एक बैग चोरी किया था। बैग में ही बंदूक रखा था। इसे उसने अपने पास रख लिया था। पूछताछ के बाद आरोपित युवक के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। सरकंडा थाना प्रभारी परिवेश तिवारी ने बताया कि एसपी पारुल माथुर के निर्देश पर होली के पूर्व बदमाशों की धरपकड़ की जा रही है। इसी बीच सूचना मिली कि कतियापारा में रहने वाला रवि गढ़ेवाल अशोकनगर के आसपास घूम रहा है। उसके पास बंदूक भी है। आरोपित युवक किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में है। सूचना तस्दीक करने के दौरान पता चला कि आरोपित युवक लूट और चोरी के मामले में पहले भी जेल जा चुका है। फिलहाल वह जमानत पर बाहर है। इस पर पुलिस की टीम ने अशोकनगर में घेराबंदी कर रवि को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान आरोपित युवक के कब्जे से एक पिस्टल जब्त की गई। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि उसने बीते दिनों रेलवे स्टेशन से एक यात्री का बैग पार कर दिया था। बैग में अन्य सामान के साथ ही पिस्टल भी था। पिस्टल को उसने अपने पास रख लिया था।

# बच्चों को जहर देकर व्यापारी ने लगाई फांसीः 10 साल की बेटी की मौत, डेढ़ साल का बेटा अस्पताल में भर्ती

### सुसाइड नोट में लिखा- कोई जिम्मेदार नहीं

**अंबिकापुर (ए)।** अंबिकापुर में रविवार देर शाम एक व्यापारी ने अपने दो बच्चों को जहर देकर खुद भी फांसी लगा ली। घटना में 10 साल की बेटी की मौत हो गई। डेढ़ साल का बेटा अस्पताल में भर्ती है। व्यापारी की पत्नी जब घर लौटी तो घटना का पता चला। इसके बाद से पत्नी सदमे में है। उसे भी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना का कारण स्पष्ट नहीं है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना गांधी नगर थाना क्षेत्र में की है।



जानकारी के मुताबिक, पेंड्रा निवासी सुदीप मिश्रा अपनी पत्नी, दो बच्चों 10 साल की सृष्टि व डेढ़ साल के बेटे और माता-पिता के साथ वसुंधरा कॉलोनी में फर्स्ट फ्लोर पर रहता था। उसकी गोधनपुर में हार्डवेयर की दुकान है। बताया जा रहा है कि रविवार शाम को पत्नी किसी काम से बाजार गई थी। घर में सुदीप और बच्चे थे। उनके पिता सिंचाई विभाग से रिटायर्ड इंजीनियर हैं और पत्नी के साथ बेटी से मिलने बेंगलुरु गए हुए हैं।

### घटना के बाद से पत्नी बेसुध, अस्पताल में भर्ती

देर शाम जब पत्नी घर लौटी तो देखा कि सुदीप फांसी से लटका हुआ था और कमरे में दोनों बच्चे बेसुध पड़े थे। इस पर उसने शोर मचाया तो आसपास के लोग पहुंचे। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस पहुंची तब तक सुदीप की मौत हो चुकी थी। वहीं पुलिस ने दोनों बच्चों को अस्पताल भिजवाया। जहां सृष्टि को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद से सुदीप की पत्नी बेसुध है। उसे भी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि दोनों बच्चों को जहर दिया गया था। बेटे की हालत फिलहाल ठीक है। मकान के फर्स्ट फ्लोर पर सुदीप का परिवार रहता था और नीचे उसकी सास रहती है। वह दिव्यांग हैं। सुदीप की पत्नी उनकी इकलौती बेटी थी, तो वह भी दामाद के घर आकर रहने लगी थीं। उन्हें घटना की जानकारी नहीं थी। मौके से एक सुसाइड नोट मिला है। इसमें किसी को भी इस घटना का जिम्मेदार नहीं ठहराया गया है।

### दुकान चल नहीं रहा था, कर्ज भी था

इस पूरी घटना को लेकर कोई भी जानकारी नहीं दे पा रहा है। पुलिस को पत्नी के होश में आने और स्थिति नियंत्रित होने का इंतजार है, जिससे उससे पूछताछ की जा सके। हालांकि बताया जा रहा है कि सुदीप की हार्डवेयर की दुकान कुछ खास चल नहीं रही थी। उसके ऊपर कर्ज भी हो गया था। इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है।

# हाईवे में ठेले खोमचे में बिक रही शराब

**बिलासपुर (ए)।** रायपुर-बिलासपुर हाईवे में होटल और ढाबों में देर रात तक ग्राहकों को शराब परोसी जा रही है। इसी तरह ठेले और खोमचे में भी ट्रक ड्राइवरों के लिए शराब उपलब्ध है। इसकी जानकारी होने के बाद भी पुलिस छोटी कार्रवाईयां कर खानापूर्ति कर रही है। कई मामलों में तो ड्राइवरों को शराब का लालच देकर चोरियां भी कराई जाती है। इसकी जानकारी पुलिस की कार्रवाई के दौरान मिली है। इसके बाद भी शराब बेचने वालों पर मामूली कार्रवाई की गई।

हाईवे में देर रात तक होटलों में शराब परोसी जा रही है। चकरभाठा के कई जगहों पर देर रात तक शराब बेची जा रही है। इसके अलावा हिर्री और सकरी में भी देर रात तक कई जगहों पर शराब बेची जा रही है। इसकी जानकारी होने के बाद भी पुलिस की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। रविवार की रात चकरभाठा के एक होटल में देर रात तक ग्राहकों को शराब उपलब्ध कराया जा रहा था। एक व्यक्ति ने इसकी शिकायत चकरभाठा पुलिस के पास कर दी। पुलिस के पहुंचने से पहले ही होटल संचालक को इसक जानकारी मिल गई। उसने ग्राहकों को भगाकर शिकायत करने वाले को ही धमकियां देना शुरू कर दिया।

बीते दिनों रायपुर की स्पेशल टीम जिले में कार्रवाई के लिए पहुंची थी। इस दौरान टीम ने चकरभाठा क्षेत्र के एक ढाबे में शराब परोसने का मामला सामने आया था। स्पेशल टीम ने आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की थी। इसके अलावा आबकारी अमले ने भी हाईवे में शराब बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई की है।

# नगर निगम ने बिना मास्क वाले से 20 माह में वसूले पांच करोड़ से ज्यादा



**रायपुर (ए)।** कोरोना संक्रमण की रफ्तार को रोकने के लिए प्रदेशभर के नगरीय निकायों ने खुद के अमले और स्वंय सहायता की महिलाओं की सहायता से बिना मास्क के घूमने वालों पर जुर्माने की कार्रवाई शुरू की थी। पिछले 20 महीने से लगातार जांच अभियान चलाकर रायपुर समेत प्रदेश के 14 नगर निगमों ने बतौर जुर्माना पांच करोड़ रुपये से अधिक की रकम वसूल की है। इसमें अकेले रायपुर नगर निगम ने एक करोड़ रुपये वसूल किया है। हालांकि पिछले पंद्रह दिनों से कोरोना के केस कम होने के कारण रायपुर में बिना मास्क वालों पर जुर्माने की कार्रवाई बंद कर दी गई है। कोरोना संकटकाल में उन लोगों के लिए बड़ा दिलचस्प आंकड़ा सामने आया है,जो मास्क लगाने से अभी भी परहेज कर रहे हैं। ऐसे 2.22 लाख लोगों से तीन करोड़ 44 लाख रुपये का जुर्माना वसूला जा चुका है। प्रदेश में फिलहाल बिना मास्क वालों पर 500 जुर्माने का प्रविधान है। वैसे बिना मास्क वालों पर जुर्माने की कार्रवाई अभी भी जारी है।

### महामारी को बढ़ते देख उठाया कदम

पिछले साल पहले मार्च महीने की शुरुआत में प्रदेश में कोरोना संक्रमण की रफ्तार बेहद कम हो गई थी। अधिकांश कोविड अस्पतालों में वार्ड खाली हो चुके थे। ऐसे में सरकार निश्चिंत थी। मध्य मार्च के बाद महामारी विकराल होने लगी। आनन-फानन में सरकार ने रोकथाम के जरूरी कदम उठाने शुरू किए। सरकार ने मास्क नहीं लगाने पर जुर्माना बढ़ाने का आदेश दिया। 26 मार्च को यह बढ़ाकर 500 रुपये कर दिया गया।

### यह है जुर्माने का प्रवधान

सार्वजनिक स्थानों पर मास्क नहीं लगाने वाले लोगों पर सरकार ने जुर्माने का प्रावधान किया था। शुरुआत में यह 100 रुपये था। बाद में 200 रुपये हुआ और 26 मार्च 2021 को इसे बढ़ाकर 500 रुपये कर दिया गया। रायपुर नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में 25 फरवरी से 10 मई 2021 तक दो लाख 22 हजार लोगों को बिना मास्क के पकड़ा गया है।ऐसे लोगों से तीन करोड़ 44 लाख रुपये का जुर्माना वसूला जा चुका है। लाकडाउन से पहले कुछ दिनों में सड़क पर अथवा सार्वजनिक परिवहन में मास्क नहीं लगाने वालों के खिलाफप्रशासन ने एक अभियान ही छेड़ दिया था। नगर निगम ने शहर के प्रमुख चौराहे पर कर्मचारी तैनात किए थे। इसको लेकर कुछ विवाद भी होते रहे है। फिलहाल कार्रवाई बंद कर दी गई है।

# चार राज्यों से जुड़ा गांजा और नशीली दवाओं का व्यापार, नौ तस्कर हो चुके गिरफ्तार



**रायपुर (ए)।** रायपुर आईजी आनंद छाबड़ा की आशंका सहीं निकली। जिस सूखे नशे पर उन्होंने चिंता जताई थी, उसी सूखे नशे का नेटवर्क देश के चार प्रमुख राज्यों से जुड़ा निकल गया। ओडिशा, बिहार, पश्चिम बंगाल और छत्तीसगढ़ से अब तक कुल नौ सप्लायर पकड़े गए हैं। इन आरोपितों की गिरफ्तारी से ये भी स्पष्ट हो रहा है कि सारा खेल मेडिकल स्टोर से संचालित हो रहा है। बढ़ते अपराधों की समीक्षा के बाद आईजी ने 17 फरवरी को नारकोटिक्स सेल का गठन किया था। हालांकि ऐसी कोई बड़ी सफलता इस टीम को नहीं मिली है पर इनके कारण एक सप्लाई चेन अवश्य बाधित हुई है।

### इस तरह जुड़ती गई कड़ियां

रायपुर के राजातालाब क्षेत्र से तौकीर अहमद उर्फ बबलू, शेख महबूब और रवि नारायण दीप को सबसे पहले पकड़ा गया। इनसे 15 किलो 500 ग्राम गांजा, 240 ग्राम चरस, 2400 प्रतिबंधित नशीली टेबलेट जब्त किए गए। इन आरोपियों से पूछताछ के बाद ओडिशा के तापस कुमार परीदा और समीर कुमार बरद के नाम सामने आए। रायपुर पुलिस ने इन्हें ओडिशा जाकर पकड़ा। इनके पास से आठ हजार नग नशीली टेबलेट, 3,100 प्रतिबंधित नशीले इंजेक्शन जब्त हुए। इसमें तापस मेडिकल स्टोर चलाता था। बाद में उसने मेडिकल स्टोर बंद कर इन सब सामाग्रियों की सप्लाई शुरू कर दी।

महासमुंद से निलेश शर्मा को 10 किलो गांजा के साथ पकड़ाया। निलेश की कडियां नंबर दो स्थान पर पकड़े गए समीर से जुड़ीं। सबसे अलग-अलग पूछताछ कर तथ्यों की जांच की गई।

इनसे मिली जानकारी के आधार पर पश्चिम बंगाल निवासी अर्णब मजूमदार को ओडिशा से गिरफ्तार किया गया। मजूमदार निलेश और समीर को गांजा सहित नशे की अन्य सामाग्रियां सप्लाई करता था। नंबर चार पर पकड़ाया मजूमदार भी पूछताछ में टूट गया। उससे मिली जानकारी के आधार पर कमलेश उर्फ अमर यादव और सागर कुमार मोदी को पकड़कर रायपुर लाया गया। कमलेश यादव गया (बिहार) का और सागर मोदी बंगाल का रहने वाला है। पुलिस कहती है कि नंबर-5 पर पकड़ा गया सागर मोदी ही मुख्य तस्कर है।

































## खास - खबर

### निगम के कुर्की दल ने अब तक वसूले 36 लाख से अधिक की राशि

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत बकायेदारों से टैक्स की राशि वसूलने के लिए कुर्की दल का गठन निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने किया है। यह दल प्रत्येक जोन क्षेत्र में पुलिस प्रशासन की उपस्थिति में बकायेदारों से कुर्की की राशि वसूलने की कार्रवाई कर रही है। निगम ने अब तक 36 लाख से अधिक की राशि की वसूली की है। बकायेदारों को धारा 173, 174 एवं 175 के तहत कुर्की वारंट जारी किया जा चुका है। इसके बावजूद टैक्स जमा नहीं करने वाले बकायेदारों पर सख्ती से कार्रवाई की जा रही है। हाल ही में की गई कार्रवाई में वैशाली नगर जोन क्षेत्र में कुर्की दल ने लक्ष्मी नारायण से 31706, सुखदास बंजारे से 30354, हरिशंकर से 40640, तुलाराम मस्के से 30280, डीएम सिरखन से 28000 इस प्रकार कुल 166980 की वसूली, जोन क्रमांक एक नेहरू नगर क्षेत्र अंतर्गत लोकेश चौहान प्रजापति सप्लायर्स के पास कोहका से 120960, श्रीमती रामसखी कोहका से 132672 इस प्रकार 253632 तथा जोन क्रमांक चार खुर्सीपार में आर एस मार्केट दुकान क्रमांक 52 इंदिरा से 106193, राधा कृष्ण मंदिर खुर्सीपार बलविंदर कौर से 21854, खुर्सीपार गेट के समीप इंद्रजीत केसरवानी से 35549, दुर्गेश यादव आदिवासी नगर से 48892, जय प्रकाश अग्रवाल से 101972, छोटे लाल विश्वकर्मा से 115218 इस प्रकार कुल 429678 कुर्की के माध्यम से वसूली की गई है। बकायेदारों पर कुर्की की कार्रवाई सख्ती से जारी रहेगी और टैक्स नहीं जमा करने वाले बकायेदारों की संपत्ति कुर्क करके टैक्स की राशि वसूलने की कार्यवाही की जाएगी।

### बढ़ाये गये मकान किराया वृद्धि का निर्णय वापस ले एचएससीएल प्रबंधन - मिश्रा

**भिलाई।** स्वैच्छिक सेवानिवृत्त एचएससीएल कर्मचारी संगठन ने मकान किराए में प्रबंधन द्वारा किए गए मनमानी वृद्धि के विरोध को सतत जारी रखने का निर्णय लिया है। रविवार को आयोजित संगठन की बैठक में संयोजक एच. एस. मिश्रा ने एचएससीएल प्रबंधन से किराया वृद्धि को वापस लेने की मांग पर सदस्यों के समक्ष अडिग रहने का ऐलान किया। स्वैच्छिक सेवानिवृत्त एचएससीएल कर्मचारी संगठन की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को स्टील क्लब गार्डन सेक्टर 8 में हुई। बैठक में एचएससीएल प्रबंधन द्वारा आबंटित मकानों में रहने वाले सेवानिवृत्त और स्वैच्छिक सेवानिवृत्त कर्मचारी सहित थर्ड पार्टी अलाटी उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए संगठन के संयोजक एच. एस. मिश्रा ने सदस्यों को जानकारी दी कि मामले पर हाईकोर्ट में प्रबंधन के खिलाफ कानूनी लड़ाई के लिए प्रत्येक सदस्य से सहयोग स्वरूप एक हजार रुपए लिए गए हैं। इसमें लगभग 470 सदस्यों ने अपना अंशदान दिया है। उन्होंने सभी सदस्यों को विश्वास दिलाया कि उनके द्वारा संगठन को दी गई राशि का किसी भी शर्त में दुरुपयोग होने नहीं दिया जाएगा। बैठक आबंटित आवास के किराया में दोगुना वृद्धि किए जाने का विरोध किया गया। संगठन के संयोजक एच. एस. मिश्रा ने कहा कि एचएससीएल प्रबंधन ने मकान किराए में जिस तरह से वृद्धि किया है वह मानवीय संवेदनाओं के खिलाफ है। इसे तुरंत वापस लेना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि जब यह मामला हाइकोर्ट में सुनवाई के लिए लंबित है तब मकान किराए में वृद्धि का कोई औचित्य ही नहीं है। श्री मिश्रा ने कहा कि 35 से 40 वर्षों तक एचएससीएल की सेवा करने वाले सेवानिवृत्त कर्मियों को आबंटित आवास के किराया में दोगुना वृद्धि कर दी गई है। एक नवंबर 2019 को एचएससीएल मुख्यालय से किराया दोगुना करने का आदेश आया था जिसे स्थानीय प्रबंधन ने संगठन से चर्चा किए बिना लागू कर दिया गया।

### राज्यपाल के अभिभाषण पर विधायक वोरा ने दी प्रतिक्रिया, कहा-

# देश में अब विकास का एक ही पर्याय, छत्तीसगढ़ मॉडल

## छत्तीसगढ़ी संस्कृति के साथ राष्ट्रीय सम्मान की भी संरक्षक है कांग्रेस

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। वरिष्ठ कांग्रेस विधायक एवं राज्य भंडारगृह निगम के अध्यक्ष अरुण वोरा ने बजट सत्र के पहले दिन राज्यपाल के अभिभाषण पर प्रतिक्रिया देते हुए अपनी सरकार की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि जिस तरह से पिछले तीन वर्षों से सरकार ने जनहितैषी काम किए हैं एवं योजनाएं बनाई हैं वो अपने आप मे अभूतपूर्व एवं आम छत्तीसगढ़ी नागरिकों को सशक्त बनाने वाला है। देश मे विकास का अब एक ही मापदंड छत्तीसगढ़ मॉडल बन चुका है।



भाजपा के शीर्ष नेता भी अब गोधन न्याय की बात करते हैं। राज्यपाल के अभिभाषण में ही भूपेश सरकार की मंशा स्पष्ट नजर आती है एवं इस बात को पुख्ता करती है कि मुख्यमंत्री एक बार फिर जनभावनाओं का विशेष ध्यान रखते हुए ऐतिहासिक बजट प्रस्तुत करेंगे।

राज्य की कांग्रेस सरकार छत्तीसगढ़ की परंपरा एवं संस्कृति का संवर्धन करने के साथ ही राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव, अमर जवान ज्योति की स्थापना के माध्यम से देश की धरोहर को भी संरक्षण देने का सराहनीय कार्य कर रही है। उन्होंने विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि राज्यपाल के अभिभाषण के बीच मे टीका टिप्पणी करके भजपा ने अपनी बौखलाहट साबित कर दी है एवं अपारंपरिक व्यवहार किया है।

राजभवन की गरिमा का सम्मान किया जाना चाहिए। केंद्र की भाजपा सरकार इतिहास से छेड़छाड़ कर रही है जिस कारण 1971 के शहीदों की याद में प्रज्ज्वलित अमर जवान ज्योति का विस्थापन कर दिया गया जनता से कोई भी बात छिपी नहीं है। आम नागरिकों की मूल आवश्यकताओं पर बात करने की जगह 5 राज्यों के चुनावों में भी भाजपा द्वारा ध्रुवीकरण का लगातार प्रयास किया गया जिसका जवाब जनता नतीजों द्वारा जरूर देगी।

वहीं दूसरी तरफछत्तीसगढ़ मॉडल में शहरी क्षेत्रों में अधोसंरचना विकास, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती, संवेदनशील महतारी दुलार, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय, गोधन न्याय, किसान न्याय, वृक्षारोपण प्रोत्साहन, भूमिहीन मजदूर न्याय जैसी दूरदर्शी एवं अद्वितीय योजनाओं के माध्यम से जनता के हाथ मजबूत करने का काम किया जा रहा है। कोरोना से उबरते हुए स्वास्थ्य एवं शिक्षा के साथ ही गरीबों एवं मजदूर वर्ग का विशेष ध्यान रखते हुए राज्य लगातार विकास के पथ पर अग्रसर है इसके लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कुशल नेतृत्व की जितनी भी तारीफकी जाए कम है। आने वाले समय मे अन्य राज्यों में भी छत्तीसगढ़ मॉडल की ही सरकार आने वाली है ।

## सेल-बीएसपी के आरएसएम ने आर-260 ग्रेड रेल के उत्पादन में बनाया नया दैनिक रिकॉर्ड



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** राष्ट्र के लिए रेल निर्माता के रूप में, सेल का भिलाई इस्पात संयंत्र, भारतीय रेलवे के दिन-प्रतिदिन के संचालन का एक अभिन्न अंग बन चुका है। सेल-बीएसपी ने भारतीय रेलवे के कड़े स्पेसिफि केषनों के अनुसार विश्व स्तरीय रेलों की रोलिंग की है। वर्तमान में रेलवे को नए 60 ई-1 प्रोफाइल के साथ नए आर-260 ग्रेड रेल का उत्पादन और आपूर्ति कर रहा है।

इस कड़ी में सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के रेल एवं स्ट्रक्चरल मिल ने 04 मार्च, 2022 को 60 ई-1 प्रोफइल के साथ आर-260 ग्रेड रेल के 736 ब्लूम्स की रोलिंग कर दैनिक उत्पादन का नया कीर्तिमान स्थापित किया है जो कि 09 फरवरी, 2022 को स्थापित 643 ब्लूम्स की रोलिंग के दैनिक उत्पादन से कहीं अधिक है।

विदित हो कि भारतीय रेलवे रेल परिवहन में उच्च गति और एक्सल लोड की ओर बढ़ रहा है जिसके लिए रेलवे ने सेल से माइक्रो-अलॉय रेल स्टील का उत्पादन करने की मांग की है। इसी आवष्यकता को पूरा करने हेतु सेल-बीएसपी ने नए आर-260 ग्रेड रेल के उत्पादन पर विषेष ध्यान केन्द्रित किया है जिससे इस रेल को उच्च यील्ड स्टेऊन्थ प्रदान किया जा सके। 60 ई-1 प्रोफइल के साथ आर-260 ग्रेड की रेल यूरोपीय स्पेसिफिक्रेषन ईएन-13674 से कहीं अधिक उच्च गति और अधिक एक्सल लोड लेने के लिए सक्षम है।

सेल-भिलाई द्वारा आपूर्ति की जा रही इस नए ग्रेड की रेल, भारतीय रेलवे को उच्च शक्ति वाले तथा अधिक सर्विस लाइफ वाले रेल की उपलब्धता सुनिष्चित कर रेल्वे को बढ़ते यातायात दबाव का सामना करने हेतु सक्षम बनाएगी। साथ ही साइकिल टाइम में और अधिक वृद्धि होगी।

## विधायक वोरा एवं महापौर बाकलीवाल ने केलाबाड़ी चौक पर हाई मास्क लाइट का किया भूमिपूजन



श्रीकंचनपथ न्यूज

### भूमिपूजन के दौरान पार्षद एवं वार्ड के नागरिको ने विधायक व महापौर का आभार व्यक्त किया

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ वेयर हाउसिंग कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष दुर्ग शहर के लाडले विधायक अरुण वोरा के कर कमलों द्वारा विधायक निधि के माध्यम से हाई मास्क लाइट का भूमिपूजन महापौर धीरज बाकलीवाल,वार्ड पार्षद स्वास्थ्य विभाग प्रभारी हमीद खोखर एमआईसी सदस्य भोला महोबिया,वार्ड पार्षद नजहत परवीन,एल्डरमैन राजेश शर्मा एवं वार्ड के नागरिको के बीच किया गया। पार्षद हमीद खोखर के प्रयासों से जल्द जगमगायेगा केलाबाड़ी चौक,भूमिपूजन के दौरान पार्षद व वार्ड के नागरिको ने विधायक एवं महापौर का इसके लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर दक्षिण ब्लाक के अध्यक्ष अजय मिश्रा,गौ सेवा के अध्यक्ष सुमित वोरा,युवा कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता रमीज रज़ा, शिवाकांत तिवारी,विकास यादव, शाकिर अली,इक़बाल भाई,अन्नू भाई, आरिफ भाई, विक्की भाई अब्दुल लतीफ खान ज़मीरुदीन भाई अय्यूब भाई,आबिद चौहान, बाकर भाई,पाशी अली, वहीद चौहान,साबिर भाई,कय्यूम भाई,अल्ताफ कुरेशी,शेख नियजुद्दीन, हाजी हबीब, अब्दुल लतीफ खान, अबदुल वहीद खान, प्रकाश शिवांकर समेत बड़ी संख्या में वार्डनागरिकगण मौजूद थे।

### फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टिट्यूट कैंपस में सुरक्षा प्रबंधन दिवस

## आग से स्वयं और दूसरों को कैसे सुरक्षित कर सकते हैं की बारीकी से दी जानकारियां

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** संस्था फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टिट्यूट कैंपस इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल राम नगर सुपेला भिलाई में सुरक्षा प्रबंधन दिवस पर संस्था में इंडो ग्लोबल सिक्योरिटी सर्विस जिला रायपुर की तरफ से आए 50 छात्र छात्राएं एवं स्टाफ जिनको संस्था की तरफ से फर्स्ट एड फायर फाइटिंग का प्रशिक्षण एस एल धनकर और टी के विश्वास के द्वारा आग से स्वयं और दूसरों को कैसे सुरक्षित कर सकते हैं की बारीकी से जानकारियां बताइए और आग को जलाकर



डेमो प्रशिक्षण भी करवाया गया इसमें सबसे रोचक एलपीजी गैस जो घर में खाना बनाने में काम आती है को आग लग जाने पर आग पर काबू पा सुरक्षित रह सकते हैं ।

गैस सिलेंडर को आग लगाकर बुझाने की विधि को सिखाया गया। इस अवसर संस्था संचालक रवि सोनी, जनसंपर्क मनोज ठाकरे, ऑफिस सहायक में सुश्री प्रियंका, जी-रमिया, अमनप्रीत कौर और इंडो ग्लोबल सर्विस सोसायटी की तरफ से प्रियांशु बैंस, खम्मन सिंह, मिथिलेश पाल, प्रेमानंद और श्रीमती स्वाति यादव और सपना जी ने अपनी उपस्थिति देकर इस कार्यक्रम की शोभा को बढ़ाया फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट के छात्रों ने मिलकर योगदान दिया जिस पर संस्था के द्वारा सभी छात्रों को प्रमाण पत्र के द्वारा सम्मानित किया गया जिस पर छात्रों ने संस्था का आभार व्यक्त किया।

## मर्चेन्ट मिल विभाग के कर्मचारियों को शिरोमणि पुरस्कार सम्मान

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** इस्पात संयंत्र के मिल जोन-1 के अन्तर्गत मर्चेन्ट मिल विभाग में दिनांक 04 मार्च 2022 को कर्म शिरोमणि पुरस्कार एवं पाली शिरोमणि पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कार्मिकों के बीच स्वास्थ्य प्रतिस्पर्धा के साथ-साथ कार्यक्षेत्र में नवीनता, संसाधनों का बेहतर उपयोग एवं संगठनात्मक उददेश्यों को पूर्ण करने के साथ-साथ सुरक्षा मानकों को बनाये रखते हुए विभाग में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले कर्मठ कर्मचारियों को सम्मानित करना है। माह सितम्बर-2021 के लिए श्री सेवा राम तारम, वरिष्ठ तक्नीशियन (सर्विसेस), मर्चेन्ट मिल एवं माह अक्टूबर-2021 के लिए जगदीश दिवान, ऑपरेटिव (फिनिशिंग), मर्चेन्ट मिल को कर्म शिरोमणि पुरस्कार और संजय कुमार तिवारी, वरिष्ठ प्रबंधक (मर्चेन्ट मिल) को माह जुलाई से सितम्बर-2021 तिमाही के लिए पाली शिरोमणि पुरस्कार से नवाजा गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अजय बेदी, मुख्य महाप्रबंधक (मर्चेन्ट मिल एवं वायर रॉड मिल), आर जी दलाल, महाप्रबंधक (मर्चेन्ट मिल) एवं अनुभाग प्रमुखों की गरिमामयी उपस्थिति रही। विभाग प्रमुखों ने अपने उद्बोधन में कार्य के दौरान सभी सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करने व संसाधनों का उच्चतम उपयोग करते हुए बेहतर प्रतिफल प्राप्त करने पर जोर दिया। इस कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन राजीव कुमार, उप महाप्रबंधक(का-मिल्स जोन-1) द्वारा किया गया।

## कोसानगर में पेयजल समस्या गहराया, पार्षद निरंकारी ने अधिकारियों को व्यवस्था बनाने के दिए निर्देश

**भिलाई।** एमआईसी सदस्य कोसानगर वार्ड 5 के युवा पार्षद संदीप निरंकारी वार्ड में पानी के लो प्रेशर की आ रही शिकायतों के मद्देनजर वार्ड में पहुँचकर निगम के नलों में आ रहे पानी के प्रेशर से साक्षात अवगत होते हुए तत्काल निगम के अधिकारी आलोक पसीने को वार्ड में बुलवाकर वार्ड के विभिन्न जगहों पर नलों में आ रहे लो प्रेशर की समस्याओं से अवगत कराते हुए तत्काल उसके समाधान करने के निर्देश दिये।

इस दौरान वार्ड वासियों के साथ उन्होंने हमेशा की तरह आज भी अपने वार्ड के विभिन्न गली मोहल्लों में भ्रमण करते हुए पेयजल की गहराती किल्लत एवं समस्याओं से रूबरू हुए। इस दौरान वार्ड पार्षद संदीप निरंकारी ने इस प्रतिनिधि से चर्चा करते हुए कहा कि, ये उनकी पहचान रही है कि, वे जिस काम को हाथ में लेते हैं उसे अंजाम तक पहुँचाते हैं। उन्होंने कहा कि मार्च के प्रथम सप्ताह में ही कोसानगर वार्ड में पेयजल की समस्या गहराती जा रही है, नलों में प्रेशर नहीं आ रहा है और वार्ड में लगे हैण्डपम्प अभी से जवाब देने लगे हैं।

### एस.आर. हॉस्पिटल चिखली दुर्ग द्वारा आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण का अंतिम दिन

# 40 कर्मियों व उनके परिवार के सदस्यों का परीक्षण विभिन्न विभाग के डॉक्टरों द्वारा किया गया

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। दिनांक 06.03.2022 को डायल 112 के कर्मचारियों व उनके परिजन का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर दोपहर 11:00 बजे से 3:00 बजे तक आयोजित किया गया। नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर के तीसरे दिन डायल 112 के 40 कर्मियों व उनके परिवार के सदस्यों का परीक्षण विभिन्न विभाग के डॉक्टरों द्वारा किया गया। आयोजित तीन दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में कुल 180 वाहन चालको एवं उनके परिवार के सदस्यों ने भरपूर लाभ लिया।

पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी। अनंत कुमार साहू कविलास टंडन एडिशनल एसपी ने अस्पताल के सफाई कर्मचारी धर्मेंद्र देवांगन का किया सम्मान आज के कार्यक्रम में बतौर अतिथि अनंत कुमार साहू



एडिशनल एस.पी.(दुर्ग ग्रामीण) एवं कविलास टंडन एडिशनल एस.पी (ट्रेफिक ) दुर्ग उपस्थित हुये।

एस.आर. हॉस्पिटल की ओर से आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर 112 के वाहन चालक एवं उनके परिवार के सदस्यों के लिए अत्यंत ही लाभदायक शिविर रहा। हॉस्पिटल के सभी देवदूत स्टाफ के सेवा कार्य की प्रशंसा की अस्पताल में सेवाएं प्रदान करने वाले समस्त देवदूतों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि आप सभी देवदूत मानव सेवा करते हुए प्राण बचाने वाले सम्मानितगढ़ हैं। यह भी कहा की जब भी अवसर पड़े तो दुर्ग पुलिस आप लोगों की मदद के लिए 24 घंटे तत्पर रहेगी कहां की जिले में लायन आर्डर बनाए रखना हमारा प्रमुख कार्य है।

इस नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर मैं सभी 112 के चालको एवं परिवार के सदस्यों का फुल बॉडी चेकअप, खून,पेशाब जांच, ई.सी.जी., एक्स-रे, दवाइयाँ एवं चश्मा पूर्णत: नि:शुल्क प्रदान किया गया। नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर मैं आज वैस्कुलर एवं कार्डियोथोरेसिक सर्जन डॉ. रंजन सेनगुप्ता, बर्न एवं प्लास्टिक सर्जन डॉ. विश्वामित्र बी.दयाल, बाल एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. एस.पी.केशरवानी व वात रोग विशेषज्ञ डॉ. अनुपम लाल, जनरल मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. सुशांत कांडे, स्त्री व प्रसूति रोग विभाग से डॉ. बलराम साहू, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर वनश्री सिन्हा ने अपनी सेवाएँ प्रदान की। अतिथियों द्वारा कोरोना काल में सेवाएं प्रदान करने वाले समाज सेवक त्रिलोचन सिंह एवं समाज सेवक समीम अहमद का भी सम्मान किया गया। इस शिविर मैं डॉ. मोहाबिया डॉ. त्रिषा सिंह, डॉ. अश्वनी शुक्ला, डॉ. रजत डेहरिया,डॉ. सौम्या तिवारी, डॉ. मुकेश, प्रेम चंद्राकार, चन्द्रसेन राठोर, कपिल उप्पल, अजय तिवारी, अजय अग्रवाल, जगजीत पांडे, प्रियेश मिश्रा, पदुम महाराना, राजेश त्रिपाठी, सतीश मिश्रा, नाजिया, श्रीमति ताज जोशी, यवन्तिका, सीमा,स्वाति पारकर , निशा, दामन लाल, रामपाल, विकास, विशाल मिश्रा, सीमा बरहरे, हरि साहू, शिशिर, दुर्गेश्वरी, कार्तिकेश्वर,श्रीमति तारा पटेल, श्रीमति रूपा चेलक अफसार निशा रामपाल संगीता जोशी एवं अन्य स्टाफ ने भरपुर सहयोग प्रदान किया गया।

## महिलाओं के लिए संयंत्र स्तरीय ऑनलाइन भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के राजभाषा विभाग द्वारा दिनांक 05 मार्च 2022 को आजादी का अमृत महोत्सव क्रम में संयंत्र स्तरीय ऑनलाइन भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भिलाई इस्पात संयंत्र की महाप्रबंधक (कार्मिक-संकार्य), सुश्री शीजा पी मैथ्यू के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ।

निर्णायकगणों में शामिल थीं सुश्री पुष्पा एम्ब्रोस, महाप्रबंधक एसएमएस-3, सुश्री अनुपमा कुमारी, महाप्रबंधक (विद्युत), वायर रॉड मिल एवं सुश्री अनुराधा सिंह, महाप्रबंधक (कार्मिक-नियमन एवं एचआरआईएस)। समारोह में संयंत्र के विभिन्न विभागों से 22 प्रतिभागी सम्मिलित हुईं। स्वागत भाषण उप महाप्रबंधक (संपर्क व प्रशासन एवं प्रभारी राजभाषा) श्री सौमिक डे ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि महाप्रबंधक (कार्मिक-संकार्य) सुश्री शीजा पी मैथ्यू ने कहा कि इन दिनों सारा भारत आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। इस अवसर पर संयंत्र स्तर पर भी आजादी का अमृत महोत्सव पर अनेक कार्यक्रम किए गए हैं। विगत 10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर नराकास स्तरीय कविगोष्ठी का आयोजन कर भारत की आजादी के वीर महानायकों को स्मरण किया गया और हिंदी में रचित कविताओं के माध्यम से उन्हें नमन किया गया। इस क्रम में आज 05 मार्च 2022 को महिलाओं के लिए संयंत्र स्तरीय ऑनलाइन भाषण प्रतियोगिता का आयोजन, अत्यंत प्रसन्नता का विषय है। भारत की आजादी में महिलाओं का योगदान विषय पर आयोजित यह भाषण प्रतियोगिता स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना जागृत करने, ज्ञान के प्रसार के साथ हिंदी के प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। भारत की आजादी में जितना योगदान पुरुषों का है, महिलाओं का उससे कम योगदान नहीं है। अनेक महिला स्वतंत्रता सेनानियों ने आजादी की लड़ाई को सफल बनाने के लिए त्याग किए और इस आजादी की लड़ाई में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। आइए हम सब उन महान वीरांगनाओं का स्मरण करें, राष्ट्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व समर्पण की भावना को और अधिक सुदृढ़ करें, देश के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान समर्पित करें, ताकि भारत की गौरव पताका संपूर्ण विश्व में सर्वोच्च क्रम में रहे। सेल बिरादरी के लिए विशिष्ट गौरव का विषय है कि, आदरणीय सुश्री सोमा मंडल महोदया सेल अध्यक्ष के रूप में हमारी कंपनी का नेतृत्व कर रही हैं, हम सभी उनकी अगुवाई में सेल को नई ऊँचाइयों पर लेकर जाएँ, इसके लिए हम सब सामूहिक प्रयास करें। इसमें प्रथम पुरस्कार सुश्री अनामिका कुमारी, प्रचालक , द्वितीय पुरस्कार सुश्री अमृता गंगराडे, उप महाप्रबंधक (सी एंड आईटी) तथा तृतीय पुरस्कार सुश्री इंदरजीत कौर, स्वास्थ्य शिक्षिका (एनओएचएस) ने प्राप्त किया।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950